https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित



अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस आज

वर्ष: 4 | अंक: 196 | जयपुर, गुरुवार, 26 जून, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 3.00


'मोदी है तो मुमकिन है...' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनकही कहानियां- भाग 36

नवाचार का मोदी पथ

पीएम मोदी के विचार ने रूफटॉप सोलर योजना को नई दिशा दी | मोदी जी ने टाइम कैप्सूल में संजोया गुजरात का इतिहास

आवाज बेधड़क @ पेज 6

## जरूरी खबर

### नौसेना भवन से जासूसी का खुलासा, UDC गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान सीआईडी इंटेलिजेंस ने नौसेना भवन, नई दिल्ली में तैनात UDC विशाल यादव को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी विशाल पर पाकिस्तानी महिला हैंडलर को नौसेना की संवेदनशील जानकारियां बेचने का आरोप है। आईजी सीआईडी विष्णुकांत गुप्ता के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था और उसने क्रिप्टोकरेंसी व बैंक खातों के माध्यम से धन लिया। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी लीक कर चुका है।



### नए डीजीपी चयन को लेकर UPSC में बैठक कल

**जयपुर।** राजस्थान के नए डीजीपी की नियुक्ति को लेकर शुक्रवार को सुबह 11 बजे यूपीएससी में अहम बैठक होगी। बैठक में डीजीपी पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार किया जाएगा, जिसे बाद में राज्य सरकार के सामने रखा जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस होम भास्कर ए. सावंत और वर्तमान डीजीपी रवि प्रकाश मेहरड़ा शामिल होंगे। केंद्र के गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पैनल में वरिष्ठता के आधार पर आईपीएस राजीव शर्मा, राजेश निर्वाण और संजय अग्रवाल के नामों पर चर्चा होने की संभावना है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**'एक्सिओम-4' मिशन की सैर पर निकले शुभांशु शुक्ला: अंतरिक्ष की ओर बढ़ने वाले बने दूसरे भारतीय**

# 41 साल बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी



बेधड़क | नई दिल्ली/लखनऊ

भारत ने एक बार फिर बुधवार को अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर उड़ान भरी। शुक्ला अब राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय और आईएसएस जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। शुक्ला अमेरिका की कंपनी एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक मिशन 'एक्सिओम-4' का हिस्सा हैं, जो फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित हुआ। शुक्ला अपने 14 दिन के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छात्रों और वैज्ञानिकों से संवाद भी करेंगे।

### बचपन का सपना, अंतरिक्ष में हकीकत

लखनऊ में जन्मे और पले-बढ़े 39 वर्षीय शुभांशु का सपना तब शुरू हुआ था जब वे बचपन में एक एयर शो देखने गए थे। उनकी बहन शुचि शुक्ला ने बताया कि उसे विमान की गति और आवाज से गहरा लगाव हो गया था। तब उसने कहा था कि वह एक दिन उड़ना चाहता है। हमें नहीं पता था कि वह सच में अंतरिक्ष तक पहुंच जाएगा। वे 2006 में भारतीय वायुसेना में शामिल हुए और मिग-29, सुखोई-30, जगुआर जैसे विमानों पर 2000 घंटे से ज्यादा की उड़ान भर चुके हैं।

### यात्रा की धुन: 'यूं ही चला चल...'

उनके दल ने प्रक्षेपण से पहले जो गीत चुना, वह था 'यूं ही चला चल...' शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' का गीत, जो नासा के एक भारतीय वैज्ञानिक पर आधारित थी। यह गीत भी इस ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक बन गया। शुक्ला को 2019 में इसरो के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था, जो 2027 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है। उन्होंने रूस और बेंगलुरु में विशेष अंतरिक्ष प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। आईएसएस में उनके साथ अमेरिका से कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी से टिबोर कापू और पोलैंड से स्लावोज उज्नान्स्की शामिल हैं।


अंतरिक्ष की यात्रा पर निकले (बाएं से दाएं) स्लावोज उज्नान्स्की, शुभांशु शुक्ला, पैगी व्हिटसन और टिबोर कापू।

> ये सिर्फ उड़ान नहीं, भारत के आत्मविश्वास और अंतरिक्ष में बढ़ते कदमों की घोषणा है।
> **शुभांशु शुक्ला,** ग्रुप कैप्टन

### शुक्ला 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों के प्रतिनिधि: मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर अंतरिक्ष की ओर रवाना हुए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए इस ऐतिहासिक मिशन का स्वागत करते हैं। एक्सिओम-4 मिशन में अंतरिक्ष यात्री 14 दिन आईएसएस में रहकर 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। ■ पेज 7 भी देखें

### आईएसएस की ओर गर्व भरी उड़ान

स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट ने जब शुभांशु को लेकर उड़ान भरी, तो पूरे देश ने गर्व से यह दृश्य देखा। कुछ ही मिनटों में रॉकेट ने पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर लिया और शुक्ला ने लाइव संदेश में कहा कि 41 साल बाद हम अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। यह एक शानदार यात्रा थी। मैं अकेला नहीं हूं, मेरे साथ पूरा भारत है। उन्होंने आगे कहा, यह सिर्फ मेरी यात्रा नहीं, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि हर देशवासी इस मिशन का हिस्सा बने।

### परिवार का भावनात्मक जुड़ाव



उनके माता-पिता आशा और शंभू दयाल की आंखों में गर्व और आंसू दोनों थे। पिता ने बताया कि एनडीए का फॉर्म उनके दोस्तों ने उन्हें यूं ही दे दिया था और यहीं से यह सफर शुरू हुआ। उनकी पहली मुलाकात अपनी पत्नी कामना से भी सीएमएस में ही हुई थी। उनका छह साल का बेटा किआश भी इस पल का गवाह बना। शुभांशु अपने साथ गाजर और मूंग दाल का हलवा लेकर गए हैं।

**'द इमरजेंसी डायरीज-ईयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन**

# आपातकाल विरोधी आंदोलन सीखने वाला अनुभव था: PM

बेधड़क | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आपातकाल विरोधी आंदोलन उनके लिए एक महत्वपूर्ण सीख देने वाला अनुभव था। उन्होंने इस संघर्ष को लोकतंत्र की रक्षा और राजनीतिक जीवन की गहराइयों को समझने का एक अवसर बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात 'द इमरजेंसी डायरीज-ईयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' नामक पुस्तक के विमोचन से पहले कही। पुस्तक को ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक आपातकाल के दौरान मोदी की भूमिगत भूमिका, उनके अनुभव और संघर्ष की यात्रा को रेखांकित करती है। पीएम ने कहा कि वह उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे और यह आंदोलन उनके लिए राजनीतिक, वैचारिक और लोकतांत्रिक शिक्षा का मंच बना। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सिखाने वाला अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को संरक्षित करने की महत्ता को फिर से पुष्ट किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आपातकाल की स्मृतियों को साझा करें, ताकि युवा पीढ़ी को उस शर्मनाक दौर की जानकारी मिल सके।

### आपातकाल को बताया 'काला अध्याय'

पीएम मोदी ने देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के 'सबसे काले अध्यायों' में से एक था और तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 'लोकतंत्र को बंदी बना लिया' था। मोदी ने यह भी कहा कि आपातकाल के दौरान जिस तरह से संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया, उसे कोई भी भारतीय कभी नहीं भूलेगा। पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक में आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर एक प्रस्ताव पास किया गया। इसके बाद आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि के रूप में दो मिनट का मौन रखा गया।




### पीएम मोदी की तुलना महात्मा गांधी से की

शिवगिरी मठ के प्रमुख स्वामी सच्चिदानंद ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें महात्मा गांधी जैसी ईमानदारी, आदर्शों की शुद्धता, आध्यात्मिक गहराई और अनुशासन नजर आता है। मोदी ने कभी किसी धर्म का अपमान नहीं किया और सभी धर्मों को समान रूप से स्वीकारा। सच्चिदानंद ने कहा कि मोदी एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने श्री नारायण गुरु को भारत की आत्मा बताया।

### पुस्तक की प्रस्तावना पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने लिखी

पुस्तक की प्रस्तावना पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने लिखी है, जो स्वयं भी आपातकाल विरोधी आंदोलन से जुड़े रहे हैं। प्रकाशक के अनुसार, यह पुस्तक मोदी के युवा काल के संघर्ष, साहस और लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता की कहानी है। ब्लूक्राफ्ट ने कहा कि यह कृति उन लोगों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने उस दौर में चुप्पी तोड़ने का साहस दिखाया और तानाशाही के खिलाफ डटकर खड़े हुए।

### आपातकाल हमारे लोकतांत्रिक इतिहास पर काला धब्बा : CM




**बेधड़क.जयपुर।** भाजपा की ओर से कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बुधवार को 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय-संविधान हत्या दिवस एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 25 जून 1975 को लागू आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर 'काला धब्बा' करार दिया। तत्कालीन सरकार ने मीसा और डीआईआर जैसे अलोकतांत्रिक कानूनों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की आजादी और मौलिक अधिकारों का दमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान देशभर में करीब 1.40 लाख लोगों को बिना आरोप के जेल में बंद कर दिया गया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेलों में यातनाएं सहने वाले सेनानियों के योगदान को उन्होंने अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र बन चुका है।

**पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में**

# सीबीएसई 2026 से 10वीं की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार कराएगा

बेधड़क | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने घोषणा की है कि वर्ष 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाएगी। बोर्ड के अनुसार, पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में होगा। फरवरी में होने वाली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि मई की परीक्षा वैकल्पिक होगी और इसका उद्देश्य छात्रों को अपने प्रदर्शन में सुधार का अवसर देना है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि पहले चरण के नतीजे अप्रैल में और दूसरे चरण के नतीजे जून में घोषित किए जाएंगे। छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी तीन विषयों में सुधार का प्रयास कर सकते हैं। नए नियमों के अनुसार, शीतकालीन स्कूलों के छात्रों को दोनों चरणों में से किसी एक में परीक्षा देने का विकल्प मिलेगा। साथ ही, पूरे सत्र में आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप उठाया गया है, जिसका उद्देश्य बोर्ड परीक्षा के अत्यधिक दबाव को कम करना और छात्रों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है।



### नई व्यवस्था से कम होगा परीक्षा का तनाव

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा साल में दो बार कराने के फैसले को "बहुत जरूरी कदम" बताया है। उन्होंने कहा कि इससे परीक्षा का तनाव कम होगा, छात्रों को लचीलापन मिलेगा और शिक्षण का आनंद बढ़ेगा। वर्ष 2026 से लागू होने वाली इस व्यवस्था में फरवरी की परीक्षा अनिवार्य होगी, जबकि मई की परीक्षा वैकल्पिक रहेगी। बेहतर स्कोर को अंतिम माना जाएगा।




**भावुक क्षण में हुए अस्वस्थ**

# नैनीताल में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बिगड़ी

एजेंसी | नैनीताल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को उत्तराखंड दौरे के दौरान एक भावुक क्षण में अचानक बेहोश हो गए। वे कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। समारोह में 45 मिनट के संबोधन के दौरान उन्होंने 1989 में अपने साथ सांसद रहे डॉ. महेंद्र सिंह पाल का कई बार जिक्र किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उपराष्ट्रपति मंच से उतरकर डॉ. पाल से मिलने पहुंचे। दोनों एक-दूसरे से गले मिले और पुरानी यादों को साझा करते हुए भावुक हो गए। इसी दौरान उपराष्ट्रपति की तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। पूर्व सांसद पाल और सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उन्हें संभाला। उन्हें तत्क्षण नैनीताल राजभवन ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकीय टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया। राजभवन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, उपराष्ट्रपति अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें आराम की सलाह दी गई है। वे उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

**फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण परियोजना को लेकर सीएम भजनलाल की पंजाब सीएम से बात**

# 647.62 करोड़ के पुनर्निर्माण कार्य दो वर्षों में पूरा करेंगे

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी जिलों श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ की जीवनरेखा मानी जाने वाली गंगनहर प्रणाली को सशक्त करने की दिशा में फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस परियोजना को गति देने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई। बातचीत के दौरान यह तय हुआ कि दोनों राज्य मिलकर 647.62 करोड़ रुपए की लागत से दो वर्षों में पुनर्निर्माण कार्य पूरा करेंगे। इस निर्णय से लंबे समय से प्रतीक्षित परियोजना को शीघ्र शुरू किए जाने की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं, जिससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि इस परियोजना को 24 अप्रैल 2025 को केंद्रीय जल आयोग की 158वीं सलाहकार समिति द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है। पुनर्निर्माण कार्य की कुल लागत में पंजाब की हिस्सेदारी 379.12 करोड़ (58.54%) तथा राजस्थान की हिस्सेदारी 268.50 करोड़ रुपए(41.46%) तय की गई है।

### राजस्थान ने दिखाई तत्परता, पंजाब को भेजी जाएगी सूचना

राजस्थान सरकार ने अपनी ओर से 268.50 करोड़ रुपए की वित्तीय हिस्सेदारी के लिए पंजाब के जल संसाधन विभाग से सैद्धांतिक सहमति प्राप्त कर ली है। अब राज्य सरकार वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त कर पंजाब को औपचारिक सूचना भेजेगी, ताकि पंजाब सरकार केंद्र सरकार को वित्त पोषण प्रस्ताव भेज सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की सहमति मिलते ही निविदा प्रक्रिया सहित सभी प्रशासनिक कार्यवाही पूरी कर ली जाएगी और इसी वर्ष कार्य प्रारंभ कर आगामी दो वर्षों में पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने स्वयं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात कर इस परियोजना को गति देने का आग्रह किया था, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

### जल क्षमता में वृद्धि से होगा बड़ा लाभ

पुनर्निर्माण कार्य के बाद फिरोजपुर फीडर की जल वहन क्षमता 11,192 क्यूसेक से बढ़कर 13,842 क्यूसेक हो जाएगी। इससे मानसून के दौरान पाकिस्तान की ओर बह जाने वाले अतिरिक्त पानी को रोककर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के करीब 3.14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी।

## जरूरी खबर

### वन रक्षक पेपर लीक में जीएसटी कर्मचारी गिरफ्तार




**बेधड़क,जयपुर।** एसओजी ने वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2022-23 के पेपर लीक मामले में जोधपुर जीएसटी के कर्मचारी गोविंद चौधरी को गिरफ्तार किया है। लंबे समय से फरार गोविंद ने आत्मसमर्पण किया। उसे कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि गोविंद ने चार-पांच अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराया और पढ़ाया भी। एसओजी अब जांच कर रही है कि पेपर गोविंद तक कैसे पहुंचा, किसने लीक किया और किन अभ्यर्थियों को इसका लाभ मिला। इस मामले में अब तक दो दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### गांधी सर्किल से 'रन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज' मैराथन आज

**बेधड़क.जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर 'रन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज' मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन सुबह 5:15 बजे गांधी सर्किल से आरआईसी (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर) तक आयोजित होगी, जिसे मंत्री अविनाश गहलोत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रदेशभर में 1 से 26 जून तक नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर विमोचन, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार, वाकाथन और साइक्लोथॉन जैसे कार्यक्रम शामिल रहे।

### जनगणना 2027: राजस्थान में प्रचार-प्रसार शुरू



**बेधड़क, जयपुर।** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2027 में भारत की जनगणना करवाने को लेकर अधिसूचना जारी करने के बाद राजस्थान सरकार ने 24 जून को इसे राजस्थान राजपत्र में अधिसूचित कर सभी निवासियों को सूचित करने और प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। इस अधिसूचना के साथ ही राजस्थान में जनगणना कार्य की आधिकारिक शुरुआत हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलों में प्रचार-प्रसार तेज करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जनगणना प्रक्रिया में सभी निवासियों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। यह जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## डीपीसीआर में नए प्रावधान: अब शहरी सीमा से बाहर भी मिल सकेगी विकास योजनाओं को स्वीकृति

# संस्थाओं को बड़े शहरों में 100 फीट रोड पर मिलेगी मंजूरी

- राज्य के 270 शहरों में लागू होंगे नए मानक
- मास्टर प्लान में बदलाव की जरूरत नहीं होगी




अभिषेक श्रीवास्तव | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश के नगरीय विकास को गति देने और आमजन को जनोपयोगी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने डेवलपमेंट एंड प्रमोशन कंट्रोल रेगुलेशन (डीपीसीआर) में नए प्रावधान जोड़े हैं। नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी आदेशों के तहत अब विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को नगरीय सीमा के बाहर, परिधि नियंत्रण क्षेत्र तथा राजमार्गों के दोनों ओर स्वीकृति मिल सकेगी। इससे अब मास्टर प्लान में भू उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और स्वीकृत गतिविधियों को नगर निकाय स्तर पर ही अनुमति दी जा सकेगी।

### हाईवे कंट्रोल जोन में उद्योगों को स्वीकृति

राजमार्गों के दोनों ओर स्थित क्षेत्रों में अब औद्योगिक गतिविधियों को भी स्वीकृति दी जा सकेगी। हाईवे कंट्रोल डेवलपमेंट जोन में बड़े शहरों में 80 फीट चौड़ी सड़क और छोटे एवं मध्यम शहरों में 60 फीट चौड़ी सड़क पर ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### छोटे व मध्यम शहरों में 80 फीट चौड़ी सड़क पर मिल सकेगी स्वीकृति

डीपीसीआर में अब बड़े शहरों में 100 फीट चौड़ी सड़क पर तथा छोटे व मध्यम शहरों में 80 फीट चौड़ी सड़क पर कॉलेज, यूनिवर्सिटी और हॉस्पिटल जैसी संस्थाओं की स्वीकृति दी जा सकेगी। वहीं, आवासीय भू उपयोग में भी विभिन्न जनोपयोगी सुविधाओं जैसे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ग्रिड सब स्टेशन, जल आपूर्ति केन्द्र, वॉटर फिल्टर, ट्रीटमेंट प्लांट, पुलिस चौकी, पुलिस थाना, डाकघर, टेलीफोन एक्सचेंज, अग्निशमन केन्द्र, डेयरी बूथ, सुलभ शौचालय आदि को स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी।

### हर भू-उपयोग श्रेणी के लिए एक तालिका निर्धारित

डीपीसीआर में हर भू-उपयोग श्रेणी के लिए एक तालिका निर्धारित की गई है, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि किस भू-उपयोग में कौन-कौनसी गतिविधियों की अनुमति दी जा सकती है। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया है कि किन गतिविधियों को किस चौड़ाई की सड़क पर स्वीकृति मिल सकती है। ये मापदंड बड़े शहरों एवं छोटे-मध्यम शहरों के लिए अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। नए प्रावधानों में अब नगरीय सीमा के बाहर नगरीकरण योग्य क्षेत्रों में भी इन गतिविधियों को स्वीकृति मिल सकेगी। इससे राज्य के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, उद्योग एवं बुनियादी सेवाओं का विकास सुगमता से किया जा सकेगा।

### बड़े शहरों में पहले से लागू हैं मास्टर प्लान और डीपीसीआर

उल्लेखनीय है कि जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, भिवाड़ी और पाली जैसे बड़े शहरों में पहले से ही मास्टर प्लान और डीपीसीआर लागू हैं। राज्य सरकार ने अक्टूबर 2024 में प्रदेश के 270 से अधिक अन्य शहरों में भी डीपीसीआर लागू किया था। इन्हीं रेगुलेशनों में अब संशोधन कर ये नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इन बदलावों का उद्देश्य मास्टर प्लान की सीमाओं से बाहर भी सुविधाएं प्रदान कर नगरीय विकास को विस्तार देना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इससे न केवल विकास की गति बढ़ेगी, बल्कि आमजन को समय पर आवश्यक सुविधाएं भी सुलभ हो सकेंगी।

## भाजपा द्वारा संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

# काला अध्याय लिखने वाली कांग्रेस दे रही संविधान बचाने की दुहाई

- कांग्रेस ने सत्ता के लिए आपातकाल लगा लोकतंत्र को कैद किया: भजनलाल

बेधड़क | जयपुर

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। भाजपा ने संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब और माहेश्वरी स्कूल में लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह में शिरकत करते हुए कांग्रेस पर आपातकाल के दौरान संविधान और लोकतंत्र को कुचलने का आरोप लगाया।

इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि 25 जून की रात इंदिरा गांधी ने कोर्ट के फैसले को नकारते हुए राष्ट्रपति पर दबाव बनाकर आपातकाल थोप दिया। उस दौर में भारत माता की जय बोलने वालों तक को जेल में डाल दिया गया था। आज वही कांग्रेस नेता संविधान बचाने की बात कर रहे हैं, जिन्होंने खुद लोकतंत्र का गला घोंटा था।



*लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।*

### समारोह में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर हेरिटेज मेयर कुसुम यादव, विधायक बालमुकुंदाचार्य, भाजपा शहर अध्यक्ष अमित गोयल सहित बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया और एक स्मृति पुस्तिका का विमोचन व प्रदर्शनी का अवलोकर भी किया।

### 1.40 लाख लोगों को 19 माह तक जेल में यातनाएं दी: भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपातकाल के दौरान 1 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को 19 माह तक जेल में यातनाएं दी गईं, प्रेस की स्वतंत्रता छीनी गई और मौलिक अधिकारों को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति की, जिसने देश को नुकसान पहुंचाया। सीएम ने राजस्थान सरकार द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को 20,000 रुपए मासिक पेंशन और सम्मान निधि प्रदान करने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि संविधान हत्या दिवस मनाने का उद्देश्य केवल अतीत में झांकना नहीं, बल्कि चेतावनी है कि लोकतंत्र के साथ समझौता किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। बाबा साहेब अंबेडकर को भी कांग्रेस ने चुनाव में अपमानित किया था और बाद में चुनाव में हार को मजबूर किया।

### 1977 के चुनाव में कांग्रेस की हार लोकतंत्र की जीत: राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी द्वारा सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को न मानने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और अन्य विरोधियों को जेल में डालकर तानाशाही की। राठौड़ ने जनता पार्टी के गठन और 1977 के चुनाव में कांग्रेस की हार को लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि निरंकुश सरकार को हटाने के लिए जनता पार्टी का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मीसा बंदियों को सम्मान राशि शुरू की गई, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद इस सम्मान राशि को ही बंद करने का काम किया, लेकिन फिर भाजपा सरकार ने सम्मान निधि शुरू की। कांग्रेस ने मीसा बंदियों के सम्मान के हक को मारने का काम किया।



*प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम शर्मा, राठौड़ व अन्य।*

## अंकतालिकाएं व रीट प्रमाण पत्र 27 तक भेजे जाएंगे

बेधड़क | जयपुर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं,12वीं व समकक्ष परीक्षाओं की अंकतालिकाएं और रीट 2024 के प्रमाण पत्र 27 जून तक सभी जिलों में भेजे जाएंगे। बोर्ड सचिव और रीट-2024 के समन्वयक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि सेकेंडरी, प्रवेशिका व सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं की अंकतालिकाएं तैयार हैं। उन्हें गुरुवार व शुक्रवार को नोडल केंद्रों पर भेजा जाएगा। छात्र अपनी अंकतालिकाएं उसी परीक्षा केंद्र से प्राप्त कर सकेंगे, जहां से उन्होंने परीक्षा दी थी। साथ ही, रीट-2024 के प्रमाण पत्र भी अंकतालिकाओं के साथ भेजे जा रहे हैं। जिसमें लगभग 13 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था।

## कनेक्शन में देरी बर्दाश्त नहीं: डोगरा

बेधड़क | जयपुर

जयपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक व डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने बिजली कनेक्शन जारी करने में अनावश्यक देरी को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाए और दोषी कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। बुधवार को विद्युत भवन में जयपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंताओं के साथ समीक्षा



बैठक में डोगरा ने औद्योगिक कनेक्शन मामलों में देरी को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को आवेदकों से फोन पर बात कर देरी के कारणों की पुष्टि करने को कहा। बैठक के दौरान अभियंताओं ने तुरंत आवेदकों से संपर्क कर जानकारी ली, जिनमें डिमांड नोटिस जमा नहीं करवाना और विदेश यात्रा पर जाने जैसे कारण सामने आए। इसके अलावा चेयरमैन ने 50 हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं से वसूली, बिजली चोरी वाले क्षेत्रों में विजिलेंस गतिविधियों में तेजी और ग्रिड सब स्टेशनों की नियमित जांच के निर्देश दिए।

## जैसलमेर में 28 गोशालाओं में घोटाला

# हजारों फर्जी गोवंश दिखा करोड़ों की सब्सिडी लेने की कोशिश

- टेक्नोलॉजी से बंद होगा टैग घोटाला



फाइल फोटो

बेधड़क | जयपुर

राज्य में गोसेवा के नाम पर हुए फर्जी भुगतान के मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है। जैसलमेर जिले से शुरू हुआ यह टैग घोटाला अब प्रदेश के आठ जिलों तक फैल चुका है। इसमें गोशालाओं द्वारा फर्जी टैग के जरिए एक ही गोवंश को कई बार दिखा करोड़ों रुपए की सब्सिडी उठाने का मामला सामने आया है। सरकार ने अब तकनीकी निगरानी से ऐसे घोटालों पर लगाम लगाने की तैयारी कर ली है।

पशुपालन विभाग की जांच में सामने आया कि जैसलमेर की 28 गोशालाओं ने 49,314 फर्जी गोवंश दिखा 29.58 करोड़ रुपए की सब्सिडी लेने की कोशिश की। वहीं, एक टैग नंबर से कई बार भुगतान का दावा किया गया। वहीं, कई निजी आवासों को गोशाला बता अनुदान लिया जा रहा था। इसी आधार पर प्रदेश की अन्य गोशालाओं का भी ऑडिट किया गया, जिसमें जयपुर की दो संस्थाओं को भी नोटिस जारी किए गए हैं।

### मोबाइल एप अपडेट... 29 करोड़ रुपए की बचत

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि विभाग के मोबाइल एप को अपडेट कर टैग की डुप्लीकेशन की गुंजाइश खत्म कर दी गई है। इस तकनीकी सुधार से अब तक 29 करोड़ रुपए की बचत हो चुकी है। साथ ही, नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक की 811 करोड़ रुपए की अनुदान राशि के वितरण से पहले सभी गोशालाओं का भौतिक सत्यापन भी पूरा कर लिया गया है।

### 109 नंदीशालाएं मंजूर

इसके अलावा नंदी संरक्षण के लिए भी सरकार ने 2,740 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। 109 नंदीशालाएं मंजूर की गई हैं, जिनमें से 65 का निर्माण जारी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि फर्जीवाड़े में शामिल किसी भी संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। संबंधित संस्थाओं से रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### बेधड़क TOON




-शेखर

## डोटासरा के 'पर्ची सरकार' के तंज पर मंत्री खर्रा का पलटवार, बोले...

# कांग्रेस चलती है पर्ची से, अब वे इसे BJP पर लाद रहे

- 1998 से 2018 तक कांग्रेस ने पर्ची से चुने CM

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की सियासत में 'पर्ची' को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के भजनलाल सरकार को 'पर्ची सरकार' कहने पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि 1998 से 2018 तक कांग्रेस ने दिल्ली से आई पर्ची के आधार पर ही मुख्यमंत्री का चयन



किया। उन्होंने डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी पार्टी की कमियों को भाजपा पर थोप रहे हैं। सीकर में मास्टर प्लान-2041 के विमोचन के दौरान खर्रा ने कहा कि 1998 में कांग्रेस ने परसराम मदेरणा के चेहरे पर चुनाव लड़ा, लेकिन दिल्ली से पर्ची अशोक गहलोत के लिए आई। 2008 में



सीपी जोशी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया, पर उनकी हार के बाद बिना सहमति पर्ची आई। 2018 में सचिन पायलट के चेहरे पर चुनाव हुआ, लेकिन फिर गहलोत की पर्ची निकली। खर्रा ने डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी पर्ची से ही चलती है और वे इसे भाजपा पर लाद रहे हैं।

### सीकर के मास्टर प्लान पर विवाद

डोटासरा ने सीकर मास्टर प्लान-2041 के प्रकाशन में 18 महीने की देरी पर सवाल उठाया था। उन्होंने 'X' पर पोस्ट कर पूछा था कि अक्टूबर 2023 में तैयार ड्राफ्ट को लागू करने में देरी क्यों हुई? जवाब में खर्रा ने कहा कि डोटासरा अनावश्यक माहौल बना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही ड्राफ्ट है, जो कांग्रेस सरकार में तैयार हुआ था। खर्रा ने कहा कि आपत्तियों के बाद इसे लागू करने में देरी नहीं की जाएगी।

### खर्रा का भू-कारोबार से इनकार

खर्रा ने सीकर नगर परिषद सभागार में कहा, "मैं भू-कारोबार से नहीं जुड़ा। मेरा काम खेती, पशुपालन और समाज सेवा तक सीमित है, जिनके स्वार्थ इस ड्राफ्ट से प्रभावित हो रहे हैं, उनके लिए कोई इलाज नहीं।" उन्होंने कहा कि सरकार ने जनहित को प्राथमिकता दी है। इस दौरान उन्होंने मास्टर प्लान की प्रारूप पुस्तक का विमोचन किया और नक्शों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जहां लोग 24 जुलाई तक आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं।

### डोटासरा का भाजपा पर पलटवार

सीकर सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में डोटासरा ने कहा कि भाजपा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और गोलवलकर जैसे नेताओं के नाम पर योजनाएं चलाती है, जिनका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं था। उन्होंने दावा किया कि दीया कुमारी के पिता भवानी सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर जयपुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि उनके घर में इंदिरा गांधी की फोटो भी हो सकती है।

## नीति आयोग में सुझाव देंगे पूर्व IAS ललित के. पंवार

बेधड़क | जयपुर

भारत सरकार के नीति आयोग ने एक जुलाई को होने वाली बैठक के लिए पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. ललित के. पंवार को विशेष आमंत्रित सलाहकार के रूप में आमंत्रित किया है। उन्हें शासन और सुधार क्षेत्र के अंतर्गत पर्यटन, होटल, रिसोर्ट एवं टूर ऑपरेटर सेक्टर में आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए सुझाव देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. पंवार देश के अग्रणी पर्यटन विशेषज्ञों में गिने जाते हैं। वे भारत सरकार में पर्यटन सचिव के रूप में सेवाएं दे चुके हैं और भारतीय पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन एवं प्रबंध



निदेशक भी रहे हैं। राजस्थान में उनकी पहचान आरपीएससी के अध्यक्ष और राजस्थान आईएलडी स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति के रूप में भी रही है। राज्य की पर्यटन छवि को वैश्विक मंच पर स्थापित करने वाले प्रसिद्ध नारे "पधारो म्हारे देश" की परिकल्पना भी डॉ. पंवार ने ही की थी।

## जरूरी खबर

### AGTF ने 11 साल से फरार इनामी बदमाश को दबोचा



**जयपुर।** एजीटीएफ ने 11 साल से फरार 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश शाहिद मेव को डूंगरपुर के रतनपुर बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हरियाणा के नूंह जिले का रहने वाला है। वह वर्ष 2014 में भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में हुई 20 हजार रुपए की लूट का आरोपी था और गुजरात भागने की फिराक में था। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि शाहिद पिछले एक दशक से ओडिशा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद और तमिलनाडु में ड्राइवरी कर फरारी काट रहा था। वह इतना चालाक था कि खुद का मोबाइल इस्तेमाल नहीं करता था, बल्कि साथियों के फोन का उपयोग करता था, जिससे पुलिस को उसका पता लगाने में मुश्किल होती थी। इसी बीच टीम के एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, कांस्टेबल रतिराम और चालक सुरेश कुमार ने शाहिद को पकड़कर मांडलगढ़ पुलिस को सौंप दिया। शाहिद अलवर और दूदू में भी लूट के मामलों में वांछित है।

### प्राध्यापक व कोच एग्जाम में 63.79% अभ्यर्थी शामिल

**जयपुर।** आरपीएससी की ओर से आयोजित प्राध्यापक व कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024 का तीसरा दिन भी शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। बुधवार को आयोजित गणित विषय की परीक्षा में कुल 32,388 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 20,659 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार उपस्थिति का प्रतिशत 63.79 रहा। इस दौरान जयपुर में सबसे कम 49.01 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि कोटपूतली-बहरोड़ में सर्वाधिक 75.75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

### जयपुर में ई-पट्टा पंजीयन की हुई शुरुआत

**जयपुर।** पट्टों के पंजीयन को लेकर जयपुर में अब तक की सबसे बड़ी सुविधा शुरू हो गई है। अब जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए ई-पट्टों का सीधा ई-पंजीयन संभव हो गया है। बुधवार से इस नई व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। जेडीए और पंजीयन विभाग के पोर्टलों को आपस में इंटीग्रेट कर दिया गया है। इसके तहत जब भी जेडीए किसी भूखंडधारी को ई-पट्टा जारी करेगा, तो वह स्वतः ही पंजीयन विभाग के पोर्टल पर भी उपलब्ध हो जाएगा।

NH-48 पर हादसे ने फिर दिलाई भांकरोटा अग्निकांड की याद... गाड़ियां छोड़ लोग खेतों में भागे

# अजमेर हाईवे पर मेथेनॉल टैंकर पलटते ही बना आग का गोला

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर-अजमेर हाईवे (NH-48) पर बुधवार सुबह मोखमपुरा के पास मेथेनॉल से भरे टैंकर के पलटने से भीषण हादसा हो गया। सुबह करीब 8:30 बजे टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया और तुरंत आग का गोला बन गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर डर के मारे खेतों की ओर भाग गए। टैंकर चालक केबिन में फंसकर जिंदा जल गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया और लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने अजमेर और जयपुर की ओर से आने-जाने वाले यातायात को घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर रोककर वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया। यह हादसा



मेथेनॉल से भरे टैंकर में लगी आग।

दिसंबर 2024 में भांकरोटा में हुए एलपीजी टैंकर अग्निकांड की भयावह यादें ताजा कर गया, जहां 20 लोगों की जान चली गई थी। आग बुझाने के बाद पुलिस ने टैंकर को साइड में खड़ा करवाया। इसके बाद दूसरा टैंकर बुलाकर उसमें केमिकल भरवाया गया।

### जयपुर में खाली होना था टैंकर

सीओ दूदू दीपक खंडेलवाल ने बताया कि मेथेनॉल से भरा टैंकर अजमेर की ओर से जयपुर आ रहा था, जो जयपुर में खाली होना था। मोखमपुरा पुलिया के पास टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया और तुरंत आग का गोला बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने दमकल और उच्च अधिकारियों को सूचित किया, लेकिन दमकल के पहुंचने से पहले स्थिति बेकाबू हो चुकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे की सूचना तुरंत मोखमपुरा थाना पुलिस को दी गई, लेकिन दमकल 45 मिनट बाद पहुंची। तब तक टैंकर पूरी तरह जल चुका था और चालक की जान जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि यदि दमकल समय पर पहुंचती, तो शायद चालक की जान बच सकती थी। बाद में दूदू, बगरू और जयपुर से एक दर्जन से अधिक दमकल वाहनों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।



हाईवे पर लगी वाहनों की कतार।

### हाईवे पर वाहनों की लगी लंबी कतार

हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने जयपुर और अजमेर की ओर से आने-जाने वाले यातायात को घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर रोक दिया। महला, जोबनेर, दूदू और मोखमपुरा स्टेट हाईवे के माध्यम से वाहनों को डायवर्ट किया गया। करीब 3 घंटे बाद हाईवे पर यातायात सुचारू हो सका। हादसे के दौरान लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर खेतों की ओर भागे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि टैंकर पलटते ही आग की लपटें इतनी तेज थीं कि सभी डरकर पीछे हट गए।



आग पर काबू पाते दमकलकर्मी।

फोटो: पंकज शर्मा

नगर निगम और JDA की टीमों ने संभाला मोर्चा

# बारिश से बिगड़े हालात के बाद अब फील्ड में उतरे अफसर

### नालों की सफाई सड़क मरम्मत और मलबा हटाने का कार्य शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में सोमवार और मंगलवार को हुई भारी बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव, सड़कों पर गड्ढे और सफाई की अव्यवस्था देखने को मिली। बारिश से बिगड़े हालातों के बाद से लगातार आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन हालातों से निपटने के लिए अब प्रशासन सड़कों पर उतर आया है। जयपुर नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर की ओर से जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में नालों की सफाई, सड़क मरम्मत और मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण भी गड्ढों को भरने के लिए पेचवर्क करवा रहा है। रेलवे की ओर से अंडरपास की सफाई का काम भी किया जा रहा है। हालांकि बुधवार को भी शहर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई, जिससे सड़कों पर फिर से पानी भर गया। स्वायत्त शासन विभाग के नए शासन सचिव रवि जैन ने कार्यभार संभालने के साथ ही मानसून तैयारियों की समीक्षा बैठक की और सभी नगर निकायों को जलभराव से निपटने के लिए संसाधन तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए और बारिश के दौरान फील्ड रिपोर्टिंग को सक्रिय रखा जाए। डीएलबी निदेशक इंद्रजीत सिंह ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।



निरीक्षण करते वरिष्ठ अधिकारी।

### 167 अंडरपास पर लगाए पंप




मानसून के दौरान अंडरपास में जलभराव की समस्या को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस बार व्यापक तैयारी की है। रेलवे ने ऐसे सभी अंडरपास की पहचान कर ली है, जहां बारिश के समय पानी भरने की संभावना रहती है। इन स्थानों पर जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था की जा रही है, ताकि यातायात प्रभावित न हो। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि महाप्रबंधक अमिताभ के निर्देश पर 167 अंडरपास पर पंप लगाए गए हैं। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर यातायात को सुरक्षित तरीके से रोकने के लिए 328 चौकीदार तैनात किए जाएंगे। अत्यधिक जलभराव वाले अंडरपासों पर 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। अंडरब्रिज में जलभराव से पहले ही सतर्कता बरतने के उद्देश्य से जल स्तर मापक की मार्किंग की गई है और चेतावनी संकेत लगाए गए हैं, ताकि खतरनाक स्थिति आने से पहले आवाजाही रोकी जा सके। सभी अंडरपासों पर सूचना बोर्ड भी लगाए गए हैं, जिससे नागरिक तुरंत रेलवे को सूचना दे सकें।

### बारिश में डूबी सड़कें, सांगानेर में जनता परेशान



जयपुर के सांगानेर इलाके में हल्की बारिश ने ही सरकार के विकास कार्यों की पोल खोल दी। वार्ड 97 की जैन नसिया रोड पर बारिश का पानी इतना भर गया कि सड़कें तालाब बन गईं। इससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कत हुई। नाराज लोग सड़क पर उतर आए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे और खुद पानी में उतरकर लोगों की परेशानी को समझा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को फोन कर जेसीबी मशीन बुलवाई और पानी निकासी का काम शुरू करवाया।

### डिप्टी सीएम ने लिया जायजा



डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने बुधवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जलभराव की समस्या और निर्माण कार्यों में लापरवाही पर उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाते हुए स्थानीय नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेक्टर 14 के पास निर्माण कार्य स्थल पर जलभराव की समस्या देख डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदार और अधिकारियों को गुरुवार सुबह 10 बजे मौके पर तलब किया और स्वयं दोबारा निरीक्षण करने की बात कही।

### बांसवाड़ा में 8 इंच बारिश



प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। बुधवार को अजमेर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा संभाग के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, मानसून ने जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, अजमेर और अलवर के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर लिया है। एक-दो दिन में प्रदेश के शेष हिस्सों में भी मानसून पहुंच जाएगा। बांसवाड़ा में बुधवार को 24 घंटे में सबसे अधिक करीब 8 इंच (190 मिमी) बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही डूंगरपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, बारां, कोटा, जयपुर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर के विभिन्न इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ में बारिश के दौरान किले पर घूमने गए युवकों पर आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य झुलस गए।

ऑनर किलिंग का खुलासा, तीन अरेस्ट

# लव मैरिज से नाराज चचेरे भाइयों ने की युवक की हत्या



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**बेधड़क** | ज्यपुर

जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में पांच दिन पहले हुई गोविंद प्रजापत की हत्या के मामले में जयपुर पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

यह मामला ऑनर किलिंग का निकला, जिसमें मृतक की पत्नी के चचेरे भाइयों ने लव मैरिज से नाराज होकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता से आरोपियों को ट्रैक कर जयपुर के सिंधी कैंप से दबोच लिया। एडीसीपी नॉर्थ प्रथम डॉ. दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 21 जून को जयसिंहपुरा खोर के हटवाड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में गोविंद प्रजापत पर आरोपियों ने डंडों से हमला किया और पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जयसिंहपुरा खोर थाना प्रभारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। थाने के रिकॉर्ड से पता चला कि गोविंद के खिलाफ एक साल पहले लड़की भगाने का मामला दर्ज था। उसने उसी लड़की से प्रेम विवाह किया था और बाद में ससुराल के पास ही मकान बनाकर रहने लगा था।

### प्रेम विवाह से नाराज थे परिजन

पुलिस जांच में सामने आया कि गोविंद ने पायल सैनी से प्रेम विवाह किया था, जिससे पायल का परिवार नाराज था। मृतक के ससुराल वालों ने उसे पहले भी धमकी दी थी। गोविंद की पत्नी के चचेरे भाई अजय सैनी (21), ओमप्रकाश सैनी (20) और रणजीत सैनी (25) निवासी फरासाला की ढाणी के रहने वाले हैं। ये इस शादी से नाराज थे। उन्होंने गोविंद को रास्ते से हटाने की साजिश रची और उसकी हत्या कर दी।

### फरारी के दौरान बहन का लिया ATM

हत्या के बाद तीनों आरोपी बाइक से अचरोल में अपनी बहन के घर पहुंचे, जहां उन्होंने पैसे की जरूरत बताकर उसका एटीएम कार्ड लिया। इसके बाद वे बाइक छोड़कर बस से शाहपुरा पहुंचे, जहां नए कपड़े खरीदे और पुराने कपड़े बदल लिए। फिर रींगस पहुंचकर एक मंदिर में रात बिताई और अगले दिन सालासर बालाजी के दर्शन किए। वहां से अजमेर होते हुए चित्तौड़गढ़ के मंडफिया पहुंचे और सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन किए। अंत में वे बस से जयपुर लौटे, जहां सिंधी कैंप पर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

सांस्कृतिक संरक्षण पर उठे सवाल... पांच वर्षों में कथक केंद्र को मिले 7 करोड़, फिर भी बदहाली जारी

# संगीत की नगरी में मौन हो रही ताल... जयपुर कथक केंद्र की हालत बेहाल

**बेधड़क एक्सक्लूसिव**

**गोपाल चतुर्वेदी** | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जयपुर में स्थित राज्य कथक केंद्र की बदहाल स्थिति आज एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा कर रही है- क्या पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत अब भी सरकारी प्राथमिकताओं में शामिल है? पिछले पांच वर्षों में राज्य सरकार ने इस संस्थान को कुल 7.18 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है, फिर भी यह केंद्र बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। संस्थान का अधिकांश बजट केवल कर्मचारियों के वेतन और अनिवार्य संचालन खर्चों में समाप्त हो जाता है। भवन की मरम्मत, तकनीकी उन्नयन, सीसीटीवी, स्मार्ट क्लास और विद्यार्थियों के लिए बुनियादी ढांचा अब भी अधूरा है।




### 5 साल का बजट

- 2021-22 : ₹2.00 करोड़
- 2022-23 : ₹2.18 करोड़
- 2023-24 : ₹1.05 करोड़
- 2024-25 : ₹1.10 करोड़
- 2025-26 : ₹85 लाख

### जयपुर की बंदिशें और ताल रचनाएं कथक की आत्मा

कथक की जड़ें राजस्थान की ही मिट्टी से जुड़ी हैं। जयपुर घराना न केवल भारत, बल्कि विश्व स्तर पर ख्यात है। यहां की बंदिशें और ताल रचनाएं कथक की आत्मा मानी जाती हैं। 1978 में स्थापित जयपुर कथक केंद्र ने स्व. पं. राजकुमार जबड़ा, डॉ. शशि सांखला और डॉ. रेखा ठाकुर जैसे दिग्गजों को मंच दिया है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। इन्हीं के शिष्य भी दुनियाभर में अपनी विशेष पहचान रखते हैं।



जर्जर हुई दीवारें।

### बुनियादी ढांचे की बदहाली

संस्थान की छतें टपकती हैं, दीवारों में सीलन है और सभागार की कुर्सियां जर्जर हो चुकी हैं। स्मार्ट क्लास, डिजिटल संसाधन, स्वच्छ जल और सीसीटीवी जैसी प्राथमिक सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। इन हालातों में छात्र विषम परिस्थितियों में नृत्य सीखने को मजबूर हैं।

### तुलनात्मक पिछड़ापन

दिल्ली जैसे कथक केंद्रों में कलाकारों को सम्मानजनक मानदेय, आवास और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। नृत्य की प्रस्तुतियों के दौरान ड्रेस तक संस्थान की तरफ से कलाकारों को दी जाती है। वहीं जयपुर केंद्र केवल न्यूनतम संचालन तक सिमटकर रह गया है।



### इनका कहना है

“ उच्च स्तर पर अतिरिक्त 50 लाख रुपए के विशेष बजट की मांग की है, जिससे छतों की मरम्मत, सीलन की रोकथाम और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

**श्रुति मिश्रा,** सचिव, जयपुर कथक केंद्र

“ सरकार से अपील है कि जिस संस्थान से मैंने शिक्षा ली, वहां आज बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। कला केवल वेतन से नहीं, संरचना और प्रोत्साहन से फलती-फूलती है। कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की जरूरत है।

**दृष्टि रॉय,** निदेशक, अजमेर कथक केंद्र

## जरूरी खबर

### घड़साना में डिग्गी में डूबने से मामा-भांजी की मौत



**श्रीगंगानगर।** घड़साना उपखंड क्षेत्र के 7 एमएलडी गांव स्थित वाटर वर्क्स की डिग्गी में डूबने से बुधवार को मामा-भांजी की मौत हो गई। इससे गांव में शोक की लहर छा गई। थानाधिकारी महावीर बिश्नोई ने बताया कि मृतकों की पहचान रशीद खां (40) और उसकी 15 वर्षीय भांजी रहमत के रूप में हुई है। दोनों खेत की सिंचाई के लिए ट्रैक्टर से बंधे ड्रम में पानी भर रहे थे। इस दौरान अचानक पैर फिसलने के कारण वे गहरे पानी में जा गिरे। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई।

### विदेशी पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**चूरू।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बुधवार को सादुलपुर क्षेत्र में अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के पास से विदेशी पिस्टल और 13 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। टीम ने महलाना उतरादा निवासी सुभाष सिंह राजपूत को तारानगर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने ये हथियार कुख्यात गैंगस्टर जीतू जोड़ी और प्रवीण जोड़ी से लिए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### डॉक्टर की मौत को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे रेजिडेंट



**उदयपुर।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में डॉक्टर रवि शर्मा की मौत के बाद रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल जारी है। मामले में 7वें दिन भी मांगें पूरी नहीं होने पर रेजिडेंट यूनियन के 4 सदस्य बुधवार सुबह से भूख हड़ताल पर बैठ गए। इनमें रेजिडेंट डॉ.जतिन प्रजापति, डॉ. तेजपाल यादव, डॉ. गौरव और डॉ. शालू भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इनका कहना है कि जब तक प्रिंसिपल डॉ. विपिन माथुर सहित पीजी हॉस्टल के वार्डन का इस्तीफा नहीं लिया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

---

**आत्मदाह का प्रयास: तीन दिन पहले मुंबई से प्रेमिका से मिलने आया था युवक**

# प्रेमिका को मिलने बुलाया, नहीं आई तो खुद को लगाई आग

■ मां बोली- पता नहीं लड़की ने क्या जादू कर दिया

**बेधड़क** | पाली

जिले के बाली थाना क्षेत्र के चांमुडेरी गांव के एक 24 साल के युवक ने मंगलवार शाम को प्रेमिका के मिलने नहीं आने पर इमोशनल होकर आत्मदाह का प्रयास किया। उसने खुद पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

उसे देर रात इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां से उसे जोधपुर रेफर किया गया। आग से युवक 85 फीसदी झुलस गया। बेटे की ऐसी हालत देख हॉस्पिटल में उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मां ने कहा कि पता नहीं उस लड़की ने क्या जादू कर दिया कि बेटा मेरी बात सुनता ही नहीं है।



*पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में झुलसे युवक का उपचार करते डॉक्टर्स।*

### सीने पर बना रखा है लड़की का टेटू

चांमुडेरी गांव निवासी 24 साल का नरेश मुंबई में कपड़े की शॉप पर काम करता है। एक युवती से पिछले 5-6 वर्ष से उसका अफेयर है। और तो और, उसने सीने पर लड़की का टेटू भी बना रखा है। तीन दिन पहले ही युवती से मिलने गांव आया था। युवती से मिलने गया, लेकिन किसी कारण युवती मिलने नहीं आ सकी। इस पर उसने उसे वीडियो कॉल किया और बोला कि तुझसे मिलने मुंबई से आया हूं और तुम यहां नहीं आ सकती, तो मैं मर रहा हूं।

### वीडियो कॉल किया और पेट्रोल डाल कर लगा ली आग

थोड़ी देर बाद नरेश ने युवती को एक और वीडियो कॉल किया, जिसमें पेट्रोल से भरी बोतल दिखाते हुए बोला कि अब तुम नहीं मिलने आई तो खुद को आग लगा लूंगा, फिर उसने खुद पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी। उसे गंभीर हालत में मंगलवार रात करीब 10 बजे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 10:30 बजे उसे जोधपुर रेफर किया गया। घटना को लेकर हॉस्पिटल में युवक की मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मां बोली कि उस लड़की के प्यार में पागल है। न जाने उस लड़की ने क्या जादू कर दिया, मेरी तो बात ही नहीं सुनता। झुलसे युवक ने बताया कि युवती से उसका पिछले पांच-छह साल से अफेयर है।

### लड़के के समाज की ही है युवती

परिजनों ने बताया कि जिस युवती के प्यार में लड़का पागल है। वह उनके ही समाज की ही है और अपने पति को छोड़कर घर पर बैठी है। युवक उससे पिछले 5-6 साल से संपर्क में बताया जा रहा है और वह उससे शादी करना चाहता है।

---

**आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम**

# इमरजेंसी काला अध्याय, कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा: दीया

**बेधड़क** | सीकर

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आपातकाल को देश के इतिहास का 'काला' दिन' बताते हुए कहा कि यह दिन हमें लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुए बलिदानों की याद दिलाता है। आपातकाल का दौर सबने नहीं देखा, लेकिन उसकी कहानियां सबने सुनी हैं। यह वो समय था, जब संविधान को कुचला गया और देश की आवाज को दबाया गया।

वे बुधवार को सीकर में आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज संविधान की बात करती है, लेकिन इतिहास गवाह है कि उन्होंने ही संविधान को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों का श्रीफल एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।



*लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करतीं दीया कुमारी।*

### अब युवा करें लोकतंत्र की रक्षा

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन योजना को जारी रखने और आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करें और उन ताकतों को कभी सत्ता में नहीं आने दें, जिन्होंने अतीत में देश को आपातकाल जैसी त्रासदी दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने शेखावाटी संभाग में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि खाटूश्यामजी कॉरिडोर के लिए केंद्र सरकार से 87 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं और धार्मिक पर्यटन स्थलों पर भी कार्य तेजी से चल रहा है।

### दादी व पिता को भी जेल में डाला गया

डिप्टी सीएम ने बताया कि उनकी दादी गायत्री देवी और उनके पिता सवाई भवानी सिंह को भी जेल में डाला गया था, जबकि उन्होंने न सिर्फ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की, बल्कि उस समय सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, विजया राजे सिंधिया जैसे नेताओं को जेल में डाल दिया गया। विभिन्न संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिए गए थे, जो तानाशाही की पराकाष्ठा थी।

### लोकतंत्र सेनानियों का जितना सम्मान किया जाए, कम है: दिलावर



**चूरू।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को टाउनहॉल में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय संविधान हत्या दिवस 2025 कार्यक्रम में 42 लोकतंत्र सेनानियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान करते हुए उनके चरण स्पर्श किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानी परम पूजनीय हैं। इन्होंने संघर्ष न किया होता, तो आज भारत में लोकतंत्र जिंदा नहीं होता। लोकतंत्र सेनानियों का जितना सम्मान किया जाए, उतना कम है। दिलावर ने कहा कि 50 साल पहले आज ही के दिन देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगा कर संविधान की हत्या कर दी थी। बड़े-बड़े लोगों को बिना कारण गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया, यातनाएं दी गईं। तरह-तरह से डराने धमकाने के बावजूद लोकतंत्र सेनानी डटे रहे और देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करते रहे। इन लोकतंत्र सेनानियों की वजह से ही लोकतंत्र बचा है।

---

**सुसाइड करने पेड़ पर चढ़ा चाचा**

# बिजलीकर्मी की करंट से मौत, माली समाज का धरना



*धरने पर बैठे माली समाज के लोग।*

**बेधड़क** | बारां

भंवरगढ़ में बिजली निगम के संविदाकर्मी राजकुमार सुमन की ट्रांसफॉर्मर में फॉल्ट सुधारते समय करंट लगने से मंगलवार देर शाम मौत हो गई। बुधवार सुबह माली समाज के लोग मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर अस्पताल के सामने धरने पर बैठ गए। बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही से आहत मृतक के चाचा ने पेड़ पर चढ़कर आत्महत्या करने की चेतावनी दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस और समाज के लोगों ने उसे समझाइश कर उतारा। धरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे विधायक ललित मीणा, प्रधान मोरपाल सुमन और भाजपा नेता प्रशांत विजय ने ऊर्जा मंत्री से बात की। ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के बाद भी निगम अधिकारियों ने मुआवजा देने के संबंध में जवाब नहीं दिया। इस पर फिर से धरना शुरू कर दिया गया।

### करंट से बेटी की मौत, मां झुलसी

पाली। रोहट थाना क्षेत्र के दूदनी गांव में बुधवार सुबह करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी मां घायल हो गई। रोहट थानाधिकारी पाना चौधरी ने बताया कि दूदनी निवासी कमला (63) पत्नी नत्थाराम और उसकी मां लक्ष्मी देवी (80) घर में सो रही थीं। बुधवार सुबह करीब आठ बजे कमला उठी और जैसे ही उसने दरवाजे के हाथ लगाया, वह करंट की चपेट में आ गई। उसे बचाने के लिए मां लक्ष्मी आई, तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां कमला को मृत घोषित कर दिया। लक्ष्मी का उपचार जारी है।

---

**15 मिनट तक गणेश मंदिर मार्ग पर करता रहा चहलकदमी**

# गणेश मार्ग पर फिर टाइगर का मूवमेंट

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर बुधवार को एक बार फिर से टाइगर का मूवमेंट दिखाई दिया। इससे लोगों की चिंता बढ़ गई। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक टाइगर जंगल से निकलकर त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर आ गया।



यहां पर करीब 15 से 20 मिनट तक टाइगर चहलकदमी करता रहा। इससे एकबारगी यहां भय का माहौल बन गया। हालांकि, वन विभाग की ओर से दुपहिया वाहनों को त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर प्रवेश नहीं देने से हमले की संभावनाएं कम थी, लेकिन इस दौरान यहां पर चौपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। 15 मिनट बाद टाइगर ने जंगल की ओर रुख किया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि यह कौनसा टाइगर था।

बता दें, कि रणथंभौर में पिछले दो-तीन माह में बाघ के हमले से 3 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें सात वर्षीय बालक कार्तिक सुमन को टाइगर ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर ही हमला कर मार दिया था। जबकि, रेंजर देवेंद्र सिंह और रणथम्भौर स्थित जैन मंदिर के चौकीदार राधेश्याम माली की भी बाघ के हमले में मौत हुई थी।

---

**गुजरात के राजकोट से किया था गिरफ्तार**

# पुलिस के सामने गला काटकर सुसाइड की कोशिश

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

जिले के आनंदपुरी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी गोपाल ने बुधवार सुबह पुलिस के सामने ब्लेड से खुद का गला काट लिया। पुलिस उसे आनंदपुरी सीएचसी ले गई, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने बांसवाड़ा के हॉस्पिटल रेफर कर दिया। कांस्टेबल अनिल कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के किडनैप के आरोपी को मंगलवार को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार किया था।



*आरोपी गोपाल।*

### लड़की को राजकोट से किया दस्तयाब

पुलिस के अनुसार आरोपी 3 माह पहले एक नाबालिग लड़की का किडनैप कर उसे गुजरात ले गया। इस पर नाबालिग के परिजनों ने आनंदपुरी थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी गोपाल (23) की तलाश तेज कर दी थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिग लड़की को गुजरात के राजकोट लेकर गया है। इसकी सूचना पर पुलिस टीम ने मंगलवार को राजकोट पहुंच नाबालिग लड़की को दस्तयाब कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी की जेब में ही थी ब्लेड

पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार सुबह आनंदपुरी थाने लेकर आई। गाड़ी से उतरते ही आरोपी ने अपनी जेब से ब्लेड निकाली और खुद के गले पर वार कर दिया। पुलिसकर्मियों ने आरोपी से ब्लेड छीन ली। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे बांसवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एमजी हॉस्पिटल में आरोपी का इलाज चल रहा है।

---

**जैसलमेर स्टेशन का हुआ कायाकल्प**

# नए रूप में तैयार जैसलमेर का स्मार्ट स्टेशन

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारत-पाक सीमा से सटे जैसलमेर में अब 140 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित किया जा रहा है। जैसलमेर रेलवे स्टेशन अब सामरिक दृष्टिकोण से एक डिजिटल फोर्ट के रूप में तैयार हो रहा है।

यह स्टेशन बीएसएफ, सेना और एयरफोर्स की टुकड़ियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। अब तक यहां लॉजिस्टिक्स और ट्रांजिट व्यवस्था बेहद सीमित और असुविधाजनक रही है, लेकिन पुनर्विकास कार्य के बाद सेना को तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट नेटवर्क मिलेगा। जैसलमेर स्टेशन के आसपास ही बीएसएफ कैंप, आर्मी बेस और एयरफोर्स स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठान हैं। रोजाना दर्जनों सैन्य काफिले स्टेशन से आवाजाही करते हैं। अब स्टेशन पर सुव्यवस्थित प्लेटफार्म, प्रवेश-निकास, बैगेज स्कैनर और सुरक्षा उपकरणों की मदद से सेना की आवाजाही आसान होगी।



*जैसलमेर स्टेशन।*

### सेना की प्राथमिकता के आधार पर तैयार स्टेशन

बता दें, कि यह स्टेशन आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यहां 35,000 यात्रियों की प्रतिदिन की क्षमता को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की जा रही है, जिसमें नागरिकों के साथ-साथ सेना की प्राथमिकता भी सुनिश्चित की गई है। रेलवे की ओर से जारी संकेतों के अनुसार स्टेशन का उद्घाटन जल्द किया जाएगा। स्टेशन पर सैनिकों की आवाजाही का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

> स्टेशन का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए 1008 वर्ग मीटर में एयर कॉनकोर्स एरिया का निर्माण किया है, जिसमें 480 वर्ग मीटर क्षेत्र वाणिज्यिक उपयोग के लिए रखा है। इसमें फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग रूम, डिजिटल गाइडेंस सिस्टम, आधुनिक सर्कुलेटिंग एरिया और ग्रीन एनर्जी सुविधाएं शामिल हैं। सेना के लिए विशेष रूप से व्यापक पार्किंग जोन, मालवाहक ट्रांसपोर्ट के लिए आसान एक्सेस और विशेष मूवमेंट कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं।
>
> **शशि किरण,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे

### फ्रांसीसी युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर में एड शूट करने आई फ्रांसीसी युवती से रेप के आरोपी पुष्पराज उर्फ सिद्धार्थ ओझा को पुलिस ने चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। वह कास्टिंग कंपनी का मालिक है। वह मूवी से लेकर एड, सॉन्ग और सीरियल में कास्टिंग करता है। आरोपी सलमान खान और अक्षय कुमार जैसे बॉलीवुड स्टार की फिल्मों में कास्टिंग कर चुका है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी सिद्धार्थ ने कहा कि उसके साथ हनी ट्रैप हुआ है। उसे बॉलीवुड के कुछ लोग फंसा रहे हैं। पुष्पराज चित्तौड़गढ़ के गंगरार तहसील क्षेत्र का रहने वाला है। वह करीब 8 साल से उदयपुर में रह रहा है।

---

**लोगों ने देखा, तो श्वान से छुड़वाया**

# नवजात का शव मुंह में लेकर घूमता रहा श्वान

**बेधड़क** | जैसलमेर

गीता आश्रम इलाके में बुधवार सुबह एक श्वान नवजात का शव मुंह में लेकर घूमता रहा। उस पर लोगों की नजर पड़ी तो वे दहशत में आ गए। लोगों ने बड़ी मुश्किल से नवजात का शव श्वान से छुड़वाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शहर कोतवाली पुलिस के सब इंस्पेक्टर नारायण सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं, ताकि नवजात को किसने फेंका, उसके बारे में जानकारी मिल सके। फिलहाल, पोस्टमार्टम के लिए शव को राजकीय जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। गीता आश्रम इलाके में कई सरकारी व प्राइवेट हॉस्पिटल हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृत बच्चा पैदा होने के बाद किसी ने उसे खुले में फेंक दिया होगा। वहीं से श्वान उसे ले आया होगा, जहां पर श्वान को देखा गया, उस जगह से 500 मीटर के दायरे में एक सरकारी और दो प्राइवेट हॉस्पिटल हैं।




जवाहर कला केंद्र की अलंकार दीर्घा में दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी, कलाकारों का अनूठा प्रयोग

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र की रक्षा का दिया संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

जवाहर कला केंद्र की अलंकार दीर्घा में बुधवार को एक विशिष्ट चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें भारत की लोकतांत्रिक यात्रा और आपातकाल के दौर की झलकियां प्रस्तुत की गईं। यह आयोजन देशव्यापी आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'संविधान हत्या दिवस' के तहत किया गया। प्रदर्शनी में 50 से अधिक लेखों और दृश्यों के माध्यम से यह बताया गया कि 1975 में घोषित आपातकाल के दौरान क्या घटनाएं घटीं? प्रदर्शनी में प्राचीन भारत में लोकतंत्र की



अवधारणा से लेकर आधुनिक भारत की राजनीतिक प्रणाली, आपातकाल के समय नागरिक अधिकारों, मीडिया की भूमिका और तत्कालीन राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों को प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया। गैलरी में आगंतुकों को प्रत्येक चित्र की पृष्ठभूमि और महत्व समझाने के लिए कलाकारों ने विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही एक लघु फिल्म भी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने मार्च निकाला और 'लोकतंत्र जिंदाबाद' के नारे लगाए।




जेकेके में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देते कलाकार।

### छात्र, शोधार्थी, इतिहासकार रहे शामिल

आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र, शोधार्थी, इतिहासकार और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कलाकारों से संवाद करते हुए एक-एक चित्र के बारे में व्यक्तिगत रूप से जानकारी प्राप्त की। कलाकारों ने बताया कि इन ऐतिहासिक क्षणों को संजोने और प्रदर्शनी तक लाने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा? आयोजकों ने बताया कि यह प्रदर्शनी न केवल एक ऐतिहासिक दस्तावेज हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक चेतावनी भी है कि लोकतंत्र की रक्षा केवल सतत प्रयासों से ही संभव है।

## Yuva स्टोरीज

### गो पुनर्वास केंद्र में किया पौधरोपण



**बेधड़क. जयपुर।** हिंगोनिया स्थित कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट की ओर से संचालित गो पुनर्वास केंद्र का बुधवार को मध्यप्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल व राजस्थान के मंत्री जोराराम कुमावत ने दौरा किया। इस दौरान मध्यप्रदेश पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सजरा व संयुक्त निदेशक डॉ. हनुमान भी मौजूद रहे। सभी ने केंद्र में संचालित प्रकल्पों का अवलोकन कर पौधरोपण किया। इसके साथ ही शिव परिवार पूजन और गो सेवा की गई। लखन पटेल ने कहा कि यह गोशाला नहीं, राष्ट्रसेवा की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हम जिलेवार ऐसे गो पुनर्वास केंद्र शुरू करेंगे, जो न केवल गोसेवा, बल्कि कृषि, पर्यावरण और समाज के उत्थान में भी योगदान देंगे। मंत्रियों ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे अनुकरणीय बताया।

### राजस्थान के स्केटर्स का कोलकाता में जलवा

**बेधड़क, जयपुर।** कोलकाता में आयोजित 9वीं ओपन नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। आर.एस.एफ.आई. के तत्वावधान में यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 जून से रबीन्द्र सरोवर लेक पार्क में आयोजित की गई थी। 6-8 वर्ष आयु वर्ग में जयपुर के रिषित गुजराल ने 1 लैप रोड रेस और 100 मीटर रोड रेस में सिल्वर तथा 500 मीटर रोड रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसी वर्ग में रूही थुरानी ने 1 लैप, 100 मीटर और 500 मीटर रेस में सिल्वर मेडल हासिल किए। दोनों प्रतिभावान स्केटर्स ने अपनी सफलता का श्रेय जे.पी. स्केटिंग क्लब के कोच संजय चंदा व अभिषेक चंदा और अपने परिवार को दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर विजेताओं को सम्मानित किया। राजस्थान के खिलाड़ियों की इस सफलता से स्केटिंग प्रेमियों में हर्ष की लहर है।

### धर्मसभा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**बेधड़क,जयपुर।** जयपुर के गायत्री नगर स्थित श्री आदित्यनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर मुनिराज ने धर्म सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर बात पर कटाक्ष करते हुए जवाब देना दुर्जनता की श्रेणी में आता है। सज्जन व्यक्ति सोच समझ कर जवाब देते हैं। हर बात का जवाब नहीं देना सज्जनता की निशानी है। उन्होंने कहा कि जवाब देना सरल है, लेकिन शब्दों को ग्रहण करना कठिन है। सही बातों को ही ग्रहण करना जीवन जीने की कला है और यही जीवन को सुलझाने की नीति है। बता दें कि मीरा मार्ग स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि श्री ससंघ का गुरुवार को मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा और महामंत्री राजेश बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'पहलगाम हमले के बाद भारत की प्रतिक्रियाः एक निर्णायक मोड़' विषयक सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें भारत की सैन्य, कूटनीतिक और खुफिया प्रतिक्रिया के विविध पहलुओं पर विचार किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष व रॉ के पूर्व सचिव आलोक जोशी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सामरिक मामलों के विशेषज्ञ व अफगानिस्तान, नेपाल और फ्रांस में भारत के पूर्व राजदूत राकेश सूद, एवीएसएम, भारतीय वायुसेना व एनटीआरओ के वरिष्ठ अधिकारी रहे एयर मार्शल राजीव सचदेवा, राष्ट्रीय राइफल्स के पूर्व महानिदेशक ले. जनरल जीएस चंदेल तथा कुवैत में भारत के पूर्व राजदूत व आईसीसीआर के पूर्व महानिदेशक सतीश सी. मेहता उपस्थित रहे। इन सभी विशेषज्ञों ने हमले की पृष्ठभूमि में भारत की रणनीति, प्रतिक्रियाओं और नीतिगत मोड़ों पर विश्लेषण किया।

### रवीन्द्र मंच पर नाटक 'कंजूस' का मंचन कल

**बेधड़क, जयपुर।** आयाम संस्था की ओर से 27 जून को शाम 7 बजे रवीन्द्र मंच के मिनी थिएटर में हास्य-व्यंग्य से भरपूर नाटक 'कंजूस' का मंचन किया जाएगा। नाटक फ्रेंच नाटककार मोलीयर की विश्वप्रसिद्ध कृति पर आधारित है, जिसे भारतीय पारिवारिक और सामाजिक संदर्भों के अनुरूप ढालते हुए हिंदी में रूपांतरित किया गया है। रूपांतरण और निर्देशन संदीप लेले ने किया है, जिनका कहना है कि प्रस्तुति केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ का आईना भी है। नाटक इससे पहले प्रदेश के विभिन्न शहरों में 12 से अधिक बार मंचित हो चुका है।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बही गीतों की बयार

# सुरों से सजी शाम... मदन मोहन की जीवंत हुई यादें

### प्रियंका मित्रा, मुकुल सोनी और जुगल किशोर ने जीता दिल

**बेधड़क** | जयपुर

सुर, सौंदर्य और संवेदना से सजी संध्या ने गुलाबी नगरी की शाम को सुरमयी बना दिया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मेन ऑडिटोरियम में संगीतकार मदन मोहन की जन्मशती पर आयोजित संगीतमय संध्या 'मेरा साया साथ होगा' में बॉलीवुड कलाकारों ने उनकी यादों को सुरों में पिरो दिया। महफिल में जब 'आपकी नजरों ने समझा', 'मेरा साया साथ होगा' जैसे गीत गूंजे, तो माहौल भावुक हो गया। मदन मोहन द्वारा रचित 21 कालजयी गीतों को कलाकारों ने मंच पर जीवंत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ हर प्रस्तुति का स्वागत किया। सुरों की इस शाम ने मदन मोहन की रचनाओं को फिर से जीवित कर दिया।




राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित संगीत संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

#### भावनाओं की परतों ने किया रोमांचित

दिल्ली के प्रतिष्ठित डो-रे-मी लाइव म्यूजिक बैंड की संगत में प्रियंका मित्रा, मुकुल सोनी और जुगल किशोर जैसे नामचीन गायकों ने सुरों से ऐसा संसार रचा, जिसमें भावनाओं की मखमली परतों ने मौजूद संगीत प्रेमियों को मोहपाश में बांध लिया। प्रियंका मित्रा ने 'नगमा-ओ-शेर की सौगात', 'आपकी नजरों ने समझा' और 'तू जहां-जहां चलेगा' जैसे गीतों को मधुरता से सजाया। मुकुल सोनी ने 'मैं तो तुम संग नैन मिलाके', 'मिलो ना तुम तो' और 'लग जा गले' में अपनी आवाज के ओज से श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। वहीं, दूसरी ओर जुगल किशोर ने 'कौन आया मेरे मन के द्वारे' और 'मेरी याद में तुम न आंसू बहाना' जैसे गीतों में मखमली प्रस्तुति से मन छू लिए। संगीत संध्या का संचालन गौरव शर्मा ने किया तो परिकल्पना फिल्म समीक्षक एम. डी. सोनी की रही। कार्यक्रम का हर गीत सिर्फ एक प्रस्तुति नहीं, एक भावनात्मक संवाद था, जिसने संगीत और आत्मा को जोड़ा। इस मौके पर बड़ी संख्या में आरआईसी के सदस्य और संगीत प्रेमी मौजूद रहे।



प्रियंका मित्रा

12 से 30 जुलाई तक आयोजन

# श्रीदिगंबर जैन पदयात्रा संघ कराएगा तीर्थयात्रा



**बेधड़क** | जयपुर

श्रीदिगंबर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीर्थ क्षेत्रों की 9 दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन 12 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। यात्रा के पोस्टर का विमोचन सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने किया। इस अवसर पर संघ संरक्षक सुभाष चंद जैन, मुख्य संयोजक अमरचंद दीवान, विनोद जैन, मनीष लुहाड़िया, जिनेंद्र जैन व कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र जैन उपस्थित रहे। मंत्री दक ने कहा कि धार्मिक यात्राएं धर्म और संस्कृति के संरक्षण में सहायक होती हैं। यह यात्रा भक्ति, साधना, तीर्थ दर्शन और आत्मिक उन्नति का संगम होगी। संरक्षक सुभाष चंद जैन ने इसे आत्मिक जागृति का माध्यम बताया। मुख्य संयोजक अमरचंद दीवान खोराबीसल ने बताया कि यात्रा दल वातानुकूलित बसों से भट्टारकजी की नसियां से रवाना होगा। यात्रा जयपुर से भरतपुर, मुरैना, सोनागिरजी, खजुराहो, कुंडलपुर, बहोरीबंद, जबलपुर, रामटेक, नेमगिरी, अंतरिक्ष पार्श्वनाथ, कारंजा, भातकुली, मुक्तागिरी, चिकलधारा, भोजपुर, भोपाल, चांदखेड़ी, कोटा होते हुए जयपुर लौटेगी। इससे पूर्व संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने गुलदस्ता भेंट कर व मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान, संयोजक विनोद जैन ने दुपट्टा पहनाकर दक का स्वागत किया। संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि धार्मिक यात्रा भक्ति, साधना, तीर्थदर्शन और आत्मिक उन्नति का अनुपम संगम होगी। इसके लिए सभी यात्री उत्साहित हैं और यात्रा की तैयारी पूरी की जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने किया टी-शर्ट का विमोचन

# CM की वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर मित्राय बी ह्यूमन इंडिया फाउंडेशन के 2025 पौधरोपण अभियान के पोस्टर और टी-शर्ट का विमोचन किया। संस्था की संस्थापक योग गुरु रश्मि शर्मा व डॉ. विनीत शर्मा ने बताया कि 2011 से 2024 तक राजस्थान में 53,000 से अधिक पौधे व 48,000 परिंडे लगाए जा चुके हैं। संस्था जुलाई-अगस्त 2025 के बीच 10,000 से अधिक बड़े वृक्ष लगाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री




ने संस्था के पूर्व सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अभियान के लिए शुभकामनाएं दी। सीएम ने इस दौरान वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में अभिषेक पाटनी, नरेंद्र सिंह शेखावत, तनुज मिश्रा व रश्मि शर्मा उपस्थित रहे।

जंगलेश्वर महादेव मंदिर से निकाली कलश यात्रा

# शिव महापुराण महात्म्य के साथ होगा कथा का वाचन

**बेधड़क** | जयपुर

श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से 26 जून से 4 जुलाई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। इससे पूर्व बुधवार को जंगलेश्वर महादेव मंदिर, बनीपार्क से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हेरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव ने पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। शिव भक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय कर दिया। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि यात्रा में 500 से अधिक महिलाएं एक जैसे परिधान में सिर



पर कलश लिए मंगल गीत गाते चल रही थीं। यात्रा कांतीचंद्र रोड सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल बनीपार्क पहुंची। समिति अध्यक्ष पं. सुरेश शास्त्री, कार्यक्रम संयोजक मनोज पंसारी, त्रिलोक खंडेलवाल, दीपक गोयल, श्रीराम कोडिया, रवि सैनी, चंद्र प्रकाश खंडेलवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान शिव की आरती उतारी। गुरुवार से प्रतिदिन दोपहर 2 से 6 बजे तक कथा वाचन होगा।

**आस्था** | ताड़केश्वर मंदिर से रवाना होंगे लाखों श्रद्धालु

# डिग्गी कल्याणजी की लक्खी पदयात्रा 31 जुलाई से

**बेधड़क** | जयपुर

टोंक जिले के प्रसिद्ध तीर्थ डिग्गी कल्याणजी मंदिर की 60वीं लक्खी पदयात्रा 31 जुलाई से जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर से रवाना होगी। श्री कल्याण जी डिग्गीपुरी लक्खी पदयात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह यात्रा प्रदेश की सबसे बड़ी धार्मिक पदयात्राओं में से एक मानी जाती है। इस वर्ष भी जयपुर सहित आसपास के जिलों से करीब दो लाख श्रद्धालु पदयात्रा में भाग लेंगे।



संघ के अध्यक्ष व संचालक श्रीजी शर्मा ने बताया कि यह पदयात्रा परंपरागत रूप से ताड़केश्वर मंदिर से प्रारंभ होती है, जहां श्रद्धालु कणक दंडवत लगाकर कल्याणजी के दर्शन के लिए प्रस्थान करते हैं। इस दौरान चौड़ा रास्ता में राजस्थान के विभिन्न मंदिरों की भव्य झांकियां भी शामिल होती हैं, जो धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर देती हैं। पदयात्रा में शाहपुरा, मनोहरपुर, बांदीकुई, चाकसू, बस्सी, दौसा, आमेर और भानपुर सहित अनेक स्थानों से अलग-अलग दल पहुंचकर इस यात्रा में सम्मिलित होते हैं।

#### भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

पदयात्रा की दिनवार योजना भी तय कर ली गई है। 31 जुलाई को यात्रा बालाजी पहुंचेगी, 1 अगस्त को हरसूलिया, 2 अगस्त को फागी, 3 अगस्त को चौरासी और 4 अगस्त को डिग्गी कल्याणजी मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर 4 अगस्त को शाम 5 बजे डिग्गी बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर परिसर पहुंचेगी और वहां धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। पदयात्रा के दौरान प्रतिदिन भजन, रासलीला, कीर्तन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बड़ी संख्या में महिलाएं भी यात्रा में भाग लेंगी, जिनकी भक्ति, अनुशासन और समर्पण इस यात्रा की विशेष पहचान है। संघ की ओर से श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, चिकित्सा और सुरक्षा की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। रास्ते में जगह-जगह स्वागत द्वार और सेवा शिविर भी लगाए जाएंगे।

#### डिग्गी कल्याणजी की महिमा

डिग्गी कल्याणजी की महिमा को लेकर जनमानस में विशेष आस्था है। टोंक जिले के इस प्राचीन मंदिर में सालभर भक्तों का तांता लगा रहता है। जलझूलनी एकादशी और सावन माह के आयोजनों में हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, जबकि साल में दो बार लगने वाले लक्खी मेलों में लाखों की भीड़ उमड़ती है। मेले के दौरान डिग्गी की गलियों में जयकारों की गूंज सुनाई देती है।

'मोदी है तो मुमकिन है...' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनकही कहानियां- भाग 36

# नवाचार का मोदी पथ

**विश्लेषकों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार प्राकृतिक खेती को महत्व दिया है। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के टिकाऊ विकल्पों को अपनाने पर जोर दिया है, जो मिट्टी के स्वास्थ्य और फसल की गुणवत्ता दोनों के लिए जोखिम पैदा करते हैं। केवल एक दायरे के बाहर सोचने के बजाय, पीएम मोदी पूरे सिस्टम को फिर से परिभाषित करते और नया रूप देते हैं- कृषि परिवर्तन के लिए एक समग्र, 360-डिग्री ब्लूप्रिंट और बहुत कुछ पेश करते हैं...**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## मोदी जी ने नैनो यूरिया उत्पादन में भारत को बना दिया अग्रणी


मनसुख मंडाविया
केंद्रीय मंत्री

एक वैज्ञानिक लड़के की मुलाकात पीएम मोदी से हुई और उसने अपना नैनो यूरिया का सुझाव मोदी जी को बताया। मैं उस समय उर्वरक मंत्री था। उन्होंने मुझे उस युवा से मिलने को कहा। मैंने उस लड़के को बुलाया और उसका पूरा आइडिया सुना। मुझे वो बहुत पसंद आया। मात्र 500 मिलीलीटर नैनो यूरिया की बोतल यूरिया की पूरी बोरी की जगह ले लेती है, जिससे परिवहन लागत में कमी आती है। भारत में उसको बनाने के लिए हमने उसको इफको कंपनी के साथ लगाया। उसने और कंपनी ने मिलकर दुनिया का पहला नैनो यूरिया बनाया। आज भारत ने प्रतिदिन लगभग 3 लाख बोतल नैनो यूरिया का उत्पादन करने की क्षमता विकसित कर ली है, जो दुनिया में अभूतपूर्व विकास है। इस नैनो यूरिया को किसानों ने भी अपनाना शुरू कर दिया है। केमिकल फर्टिलाइजर मिट्टी के लिए नुकसानदायक होता है। इससे मिट्टी की रक्षा होती है और किसानों को मदद मिलती है। इस तरह मोदी जी ने एक युवा वैज्ञानिक के सपनों को सही राह दिखाई। मोदी जी ने हमेशा रासायनिक खादों के अनियंत्रित उपयोग के बजाय प्राकृतिक खेती और अन्य वैकल्पिक खादों के महत्व पर जोर दिया है, जो फसलों और मिट्टी दोनों के लिए हानिकारक हैं। वे धरती माता को बचाने के बारे में बहुत मुखर रहे हैं। अब नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के विकास के साथ, हम कृषि क्षेत्र में एक मौन क्रांति से गुजर रहे हैं। यह सब नई संभावनाओं और संभावनाओं में मोदी जी की भागीदारी और रुचि से शुरू हुआ।

## पीएम मोदी के विचार ने रूफटॉप सोलर योजना को नई दिशा दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ लीक से हटकर सोचते ही नहीं हैं, बल्कि वे पूरे सिस्टम को 360 डिग्री ब्लूप्रिंट की तरह फिर से डिजाइन करते हैं। मुझे याद है, हम रूफटॉप सोलर स्कीम के लिए प्रेजेंटेशन लेकर आए थे, जिसे बाद में पीएम सूर्य घर रूफटॉप सोलर स्कीम नाम दिया गया। हम पीएम को समझा रहे थे कि सोलर पावर को कैप्चर करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए और कैसे एक घर के मालिक को पता चलेगा कि वह अपनी छत पर पैनल के जरिए कितनी बिजली पैदा कर सकता है और इसके क्या फायदे हैं? प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देने से पहले, प्रेजेंटेशन देखते समय मोदी जी ने हमसे पूछा, "क्या इसे (रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट को) गति शक्ति के साथ एकीकृत किया जा सकता है?" उनके विचार से, हर एक रूफटॉप पैनल को देश के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल इकोसिस्टम से जोड़ा जाना चाहिए। इसने हमारी योजना की पूरी अवधारणा और परिप्रेक्ष्य को बदल दिया, जिसके बारे में हमने पहले कभी


भूपिन्दर सिंह भल्ला
पूर्व केंद्रीय सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा

नहीं सोचा था। मोदी जी की एक सोच ने इस योजना को व्यापक राष्ट्रीय उपयोगिता पैरामीटर से जोड़ दिया। इससे यह योजना अधिक सामयिक, एकीकृत, संसाधनयुक्त, अधिक प्रभावी और पारदर्शी कार्यक्रम में तब्दील हो गई। वह हमेशा बड़ा सोचते हैं, लोगों से अलग सोचते हैं और भविष्य के हिसाब से सोचते हैं। पीएम मोदी के इसी तरह के दृष्टिकोण ने कई योजनाओं और परियोजनाओं को नई दिशा और गति दी और विकसित भारत के हमारे लक्ष्य में योगदान दिया।


आवाज़ बेधड़क
'मोदी है तो मुमकिन है...' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनकही कहानियां- भाग 35
मोदी... सजगता जिनकी पहचान
विश्लेषक कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद सजग प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। कोई भी बात, चाहे वह कितनी ही छोटी क्यों न हो, उनकी नजर से बच नहीं पाती। उनकी ऑब्जर्वेशन पावर इतनी तेज है कि वे हर पहलू का ध्यान रखते हैं। यही बारीकी और अनुशासन उनके नेतृत्व की विशेष पहचान है। और भी बहुत कुछ...
हर इंतजाम खुद देखा, मोदी जी के पहले चुनाव की दास्तां
संगठन के छोटे से छोटे विषय का ज्ञान रखते हैं मोदी जी

**19 जून 2025** के अंक में
**आपने पढ़ा पार्ट- 35**

## मोदी जी ने टाइम कैप्सूल में संजोया गुजरात का इतिहास

7 जून, 2010 को- गुजरात के राज्य बनने के 50 साल पूरे होने पर- तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बहुत ही असाधारण पहल की। उन्होंने गुजरात के इतिहास को संजोने और संरक्षित करने के लिए टाइम कैप्सूल बनाने का सुझाव दिया। यह हम सभी के लिए एक नई अवधारणा थी। गांधीनगर में महात्मा मंदिर स्थल पर उन्होंने एक टाइम कैप्सूल जिसे एक मजबूत स्टील कलश से बनाया गया था, में 1960 से गुजरात की यात्रा का विवरण सील कर दिया। इस नए ढांचे की नींव के नीचे अगले 1,000 वर्षों के लिए राज्य की विरासत को संरक्षित करते हुए, औपचारिक रूप से धरती में उतारा गया। यह एक ऐसा क्षण था जब इतिहास भविष्य से मिला। उच्च श्रेणी के स्टेनलेस स्टील से बने और 90 किलोग्राम वजनी इस कैप्सूल को एक सहस्राब्दी तक टिके रहने के लिए डिजाइन किया गया था। यह गुजरात के विकास की भावना को मूर्त रूप देता है– इसकी पुरानी सभ्यतागत जड़ों से, जो कला,


यमल व्यास
चेयरमैन, चौथा वित्त आयोग, गुजरात

संस्कृति और व्यापार से समृद्ध है, से लेकर हाल के दशकों की प्रगति तक का सफर। इसके भीतर वो दस्तावेज और कलाकृतियां हैं जो गुजरात के सार को प्रतिबिंबित करती हैं: महात्मा गांधी के मार्गदर्शक आदर्श, रविशंकर महाराज का प्रेरणादायक भाषण जिसने राज्य के गठन को उत्प्रेरित किया और सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक कथाओं का एक समृद्ध ताना-बाना। यहां इतिहास चार भाषाओं- गुजराती, हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में अंकित है। नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी कदम स्मरण के कार्य से अधिक था- यह भविष्य के लिए एक संदेश था। यादों के भंडार से अधिक, यह टाइम कैप्सूल सदियों से गूंज रही गुजरात की आवाज है। जिस प्रकार आज हम हड़प्पा सभ्यता के बारे में जानकारी पाते हैं, उसी प्रकार शायद सदियों बाद, महात्मा मंदिर के नीचे मोदी जी द्वारा लगाया गया यह टाइम कैप्सूल लोगों को सीखने, समझने और महसूस करने के लिए गुजरात की समृद्ध और जीवंत संस्कृति और इतिहास का प्रमाण होगा।

**संपादन एवं संकलन**
शशिकांत शर्मा

**सच बेधड़क EXPLAINER** शुभांशु शुक्ला की उड़ान से भारत के अंतरिक्ष मिशन को नई गति मिलने की उम्मीद

# भारत के लिए ऐतिहासिक पल, भविष्य की योजनाओं के खुलेंगे नए द्वार




भारत के लिए 25 जून 2025 की तारीख ने उसके अंतरिक्ष अभियान के लिए संभावनाओं के कई नए द्वार खोल दिए हैं। 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्रा पर गया है। जिससे भारत के गगनयान समेत अन्य अभियानों को और गति मिलने की संभावना है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अमेरिकी वाणिज्यिक स्पेस कंपनी- एक्सिओम के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईआईएस) के लिए रवाना हुए चार सदस्यों में पायलट के तौर पर शामिल हैं। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे।

### कौन हैं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में जन्म, यहीं से पढ़ाई की।
- एनडीए के जरिए वायुसेना में शामिल हुए।
- 2019 में विंग कमांडर की रैंक हासिल हुई।
- लड़ाकू विमानों में 2000 घंटे उड़ान का अनुभव।

### यह है आगे की योजना

अंतरिक्ष विभाग ने कहा है, शुभांशु शुक्ला की यात्रा सिर्फ एक उड़ान से कहीं अधिक है - यह एक संकेत है कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण (एक्सप्लोरेशन) के एक नए युग में साहसपूर्वक कदम रख रहा है। मिशन एक्सिओम 4 की यात्रा और फिर आईएसएस पर 14 दिन गुजारना, यह घर वापस लाने के लिए शुभांशु को "अमूल्य" सबक प्रदान करेगा।



*एक्सिओम 4 अंतरिक्ष मिशन का लखनऊ में बुधवार को सीधा प्रसारण देखकर जश्न मनाते हुए लोग।*

### क्यों अहम है भारत के लिए यह मिशन

भारत के लिए यह मिशन बेहद खास है, क्योंकि गगनयान के मानव अभियान से पहले इस मिशन के तहत भारत अहम वैज्ञानिक जानकारी हासिल कर सकेगा। इस मिशन से भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने का अवसर मिलेगा। एक्सिओम-4 मिशन से भारत की तकनीकी क्षमताओं के और मजबूत होने की उम्मीद है। भारत की 2027 में गगनयान मिशन लॉन्च करने की तैयारी है। इसके अलावा उसकी 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2047 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने की योजना है।

### शुभांशु का अनुभव प्रशिक्षण और मिशन डिजाइन में होगा उपयोगी

शुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन से प्राप्त अनुभव गगनयान के अंतरिक्ष यात्रियों की ट्रेनिंग और मिशन डिजाइन में उपयोगी सिद्ध होगा। यह मिशन भारत को अपने स्वयं के स्पेस स्टेशन की योजना में भी मदद करेगा।

### राकेश शर्मा हैं भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री



एक्सिओम-4 मिशन के साथ ही शुभांशु शुक्ल 41 साल में अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। उनसे पहले सिर्फ राकेश शर्मा ही स्पेस में गए हैं। उन्हें तब रूस के सेल्युत-7 स्पेसक्राफ्ट के जरिए आईएसएस पहुंचाया गया था।

### वायुसेना बोली- भारत के लिए अद्भुत क्षण

भारतीय वायुसेना ने कहा कि यह मिशन भारत की निरंतर विस्तृत होती क्षमताओं की पुष्टि करता है। वायु सेना के 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में इसे "भारत के लिए एक अद्भुत क्षण" बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस उपलब्धि पर 'एक्स' पर कहा, अंतरिक्ष मिशन अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### 60 से अधिक प्रयोग होंगे, भारत के 7 प्रोजेक्ट शामिल

एक्सिओम-4 मिशन के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। इनमें 31 देशों के वैज्ञानिक और संस्थान शामिल हैं। भारत और नासा के संयुक्त सहयोग से 12 प्रयोग होंगे, जिनमें 7 भारतीय और 5 अमेरिकी अनुसंधान परियोजनाएं शामिल हैं। ये प्रयोग मुख्यतः जैविक विज्ञान, मानव स्वास्थ्य, अंतरिक्ष जीवन प्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित होंगे। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में सात एक्सपेरिमेंट करेंगे, जिनका उद्देश्य भारत में माइक्रोग्रैविटी रिसर्च को प्रोत्साहित करना है।

### क्या करेगा मिशन

एक्सिओम अपने इस मिशन के जरिए दुनिया का पहला वाणिज्यिक स्पेस स्टेशन बनाने पर भी सारी अहम जानकारी जुटाने में लगा है। इसके जरिए कंपनी अंतरिक्ष के क्षेत्र में कुछ चुनिंदा देशों की मनमर्जी और दखल को कम करने की कोशिश में जुटी है।



### कौन-कौन जा रहा है?

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पायलट के रूप में काम करेंगे। मानव अंतरिक्ष उड़ान की डायरेक्टर पैगी व्हिटसन इस मिशन की कमान संभालेंगी। दो मिशन विशेषज्ञ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के परियोजना अंतरिक्ष यात्री पोलैंड के स्लावोस्ज उज्नान्स्की-विल्निविस्की और हंगरी के तिबोर कापू हैं।

कंटेंट: गजानंद शर्मा

---

## ईरान से भारतीयों की वापसी जारी, 296 और लौटे



**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान के बीच हालिया संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में भारत ने बुधवार को अपने 296 और नेपाल के चार नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक ईरान से लाए गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 3,154 हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 25 जून को 4.30 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंचे एक विशेष विमान से 296 भारतीय और चार नेपाली नागरिकों को ईरान से लाया गया। ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 3154 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया जा चुका है। भारत ने मंगलवार को ईरान और इजरायल से 1,100 से अधिक नागरिकों को निकाला था।

## ED के 989 करोड़ की धोखाधड़ी केस में NCR-पंजाब में छापे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपए के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की।

## दिल्ली में पांच मंजिला इमारत में आग, चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में विनिर्माण की कई इकाइयों वाली पांच मंजिला इमारत में आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे दमकल विभाग को रोहिणी सेक्टर-5 इलाके में स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली और इसके बाद दमकल की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

---

आपातकाल के दौरान मोदी के कामकाज पर आधारित पुस्तक का विमोचन

# इमरजेंसी के दौरान हुए अन्याय को भुलाया नहीं जा सकता: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि कोई भी देश पर तानाशाही विचार न थोप सके।

गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल की घोषणा की 50वीं बरसी पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को हमेशा याद रखा जाना चाहिए, ताकि देश के युवा और किशोर अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें। शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज ही के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। ज्ञात रहे कि इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। मोदी सरकार इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है।

शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीज: इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन भी किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। यह अपनी तरह की पहली पुस्तक है, जो प्रधानमंत्री के प्रारंभिक वर्षों पर नई शोध आधारित जानकारी प्रस्तुत करती है।

यह पुस्तक इसकी एक जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतंत्र के आदर्शों के लिए कैसे संघर्ष किया और उसे बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए अपने पूरे जीवन में किस तरह से कार्य किया। इस कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया।




*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत (दाएं से दूसरे), रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव (बाएं से दूसरे), दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना (बाएं) और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता (दाएं) के साथ।*

### पुस्तक में है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुभवों का विवरण

अमित शाह ने कहा, यह पुस्तक आपातकाल के दौरान एक युवा कार्यकर्ता के रूप में नरेन्द्र मोदी के अनुभवों का विवरण प्रस्तुत करती है। वह उस समय 19 महीनों तक सक्रिय रूप से आंदोलन से जुड़े रहे। उस दौर में गुपचुप तरीके से अख़बार छपते थे और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बाजारों, छात्रों और महिलाओं के बीच पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अमित शाह ने कहा कि 24-25 वर्ष के नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में प्रतिरोध आंदोलन का किस तरह से नेतृत्व किया उसकी कहानी इस पुस्तक में दर्ज है।

### परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए लागू किया आपातकाल

गृह मंत्री शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा थोपा गया आपातकाल, जिसका एकमात्र उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था।

### आज अघोषित आपातकाल: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वह आपातकाल तो खत्म हो गया, लेकिन मोदी सरकार में अघोषित आपातकाल है। खरगे ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। खरगे ने संवादाताओं से कहा कि अब ये संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं। आपातकाल के 50 साल पूरा होने के बाद उसे दोहरा रहे हैं। खरगे ने दावा किया कि हम एक साल से संविधान बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं, उससे भाजपा घबरा गई है।

---

विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा EC

# बिहार के बाद 5 और राज्यों में वोटर लिस्ट की होगी समीक्षा



**एजेंसी** | नई दिल्ली

बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवैध प्रवासियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो।

### बाहरी मतदाताओं को जन्म स्थान संबंधी पेश करने होंगे दस्तावेज

ऐसे आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त 'घोषणा पत्र' जोड़ा गया है, जो या तो मतदाता बनना चाहते हैं या जो किसी दूसरे राज्य से आकर यहां पते का बदलाव कर रहे हैं। उन्हें यह शपथ-पत्र देना होगा कि उनका जन्म एक जुलाई, 1987 से पहले भारत में हुआ था और जन्म तिथि और/या जन्म स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा। घोषणा पत्र में सूचीबद्ध विकल्पों में से एक यह है कि उनका जन्म भारत में एक जुलाई 1987 और दो दिसंबर 2004 के बीच हुआ है। उन्हें अपने माता-पिता की जन्मतिथि/स्थान के बारे में भी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

---

मोदी की तारीफ पर खरगे का कटाक्ष, थरूर का जवाबी तंज

# 'कुछ लोगों के लिए 'मोदी फर्स्ट', देश बाद में'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी सांसद शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ किए जाने को लेकर बुधवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोगों के लिए 'मोदी फर्स्ट' है, लेकिन मुख्य विपक्षी दल के लिए देश सबसे पहले है। थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ किए जाने के बारे में पूछने पर, खरगे ने संवाददाताओं से तंज भरे लहजे में कहा, अंग्रेजी मुझे पढ़नी नहीं आती। उनकी भाषा बहुत अच्छी है। इसलिए तो उन्हें पार्टी की कार्य समिति का सदस्य बनाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, सभी विपक्षी दलों ने कहा कि हम देश की सेना के साथ हैं। पहले मैंने गुलबर्ग में यह कहा था कि देश सबसे बड़ा है, सब मिलकर आवाज उठाएंगे। हमने कहा था कि देश पहले है। चंद लोग ऐसे हैं जिनके लिए 'मोदी फर्स्ट' और देश बाद में है। अब हम क्या करें? एक अन्य सवाल पर खरगे ने कहा, जिसको जो लिखना आता है वह लिखेंगे, उसको लेकर हम अपना दिमाग नहीं लगाना चाहते हैं। हमारा एक लक्ष्य है कि देश में एकता रहे, देश की सुरक्षा रहे। देश के लिए हम लड़ते रहेंगे, किसी की बात पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।



### 'पंख तुम्हारे हैं... और आसमान किसी का नहीं

खरगे की टिप्पणी के तुरंत बाद शशि थरूर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट लिखी, जिसमें उन्होंने एक पक्षी की तस्वीर शेयर की जिसमें लिखा था, उड़ने के लिए इजाजत न मांगो। पंख तुम्हारे हैं और आसमान किसी का नहीं।

### यह भी कहा था थरूर ने

थरूर ने सोमवार को एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे लेख में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक 'अहम पूंजी' बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है।



---

मादक पदार्थों से जुड़ा मामला

# पंजाब में छापे, अकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए, उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है। मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है जिसमें उसने अकाली नेता को गिरफ्तार किया है। अमृतसर में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थानों पर छापे मारे गए। मजीठिया शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल के करीबी रिश्तेदार हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित उनके घर में जबरन घुस आए। उन्होंने दावा किया कि चंडीगढ़ में उनके आवास पर भी इसी तरह की छापेमारी की गई।



## देश में मानसून का कहर: कुल्लू में बादल फटा, जम्मू और सूरत में भी बारिश से नुकसान



*कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ के बीच सैंज घाटी में क्षतिग्रस्त क्षेत्र के पास खड़े लोग।*



*जम्मू। एसडीआरएफ की टीम भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ के कारण तवी नदी के बीच में फंसे एक व्यक्ति को निकालते हुए।*



*सूरत। गुजरात के सूरत में भारी बारिश के बाद बाढ़ग्रस्त इलाके से लोगों को सुरक्षित निकालता बचाव दल।*

### असम-मेघालय की विवादित सीमा पर तनाव

**शिलांग/गुवाहाटी।** असम-मेघालय राज्यों की विवादित सीमा के समीप बसे एक गांव में बुधवार को तब तनाव पैदा हो गया जब भीड़ ने कई पौधे उखाड़ दिए एवं पौधों की सुरक्षा के लिए बनाए गए लकड़ी के ढांचे को हटा दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम कार्बी आंगलोंग ज़िले में एक शिविर को आग लगाए जाने के बाद, असम और मेघालय के ग्रामीणों के बीच झड़प होने लगी। इस दौरान गुस्साए असम के ग्रामीणों को नियंत्रित करने के लिए असम पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया।

### SCO की बैठक में भाग लेने चीन पहुंचे राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुधवार को चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ पहुंचे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की यह पहली चीन यात्रा है। सिंह का किंगदाओ हवाई अड्डे पहुंचने पर भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने स्वागत किया। पाकिस्तान समर्थित सीमापार आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक हमले के अनुरूप राजनाथ सिंह गुरुवार को होने वाले एससीओ सम्मेलन में आतंकवाद पर लगाम लगाने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए एससीओ पर दबाव डालेंगे।

### ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे पुतिन और जिनपिंग

**बीजिंग/मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने की शुरुआत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील की यात्रा नहीं करेंगे। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन मीडिया की खबर से पता चलता है कि शी जिनपिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं। यदि इसकी पुष्टि हो जाती है तो यह एक दशक से अधिक समय में पहला मौका होगा जब वह इस बैठक में भाग नहीं लेंगे। मॉस्को में क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने बुधवार को घोषणा की कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्राजील में आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वीडियो लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान पर परस्पर विरोधी दावे

# ट्रंप के दावे के बाद ईरान ने भी माना एटमी प्रतिष्ठान बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**एजेंसी** | वाशिंगटन

इजराइल -ईरान संघर्ष के बीच गत दिनों अमेरिका द्वारा किए गए हमले में ईरान के के परमाणु ठिकानों को हुए नुकसान को लेकर अगल अलग दावे किए जा रहे हैं। अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है, लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। शुरुआती आकलन से अवगत दो व्यक्तियों ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। वहीं बुधवार को खुद ईरान ने स्वीकार किया कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान 'बुरी तरह से क्षतिग्रस्त' हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को'अल जजीरा' से बात करते हुए यह टिप्पणी की। हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमारे परमाणु प्रतिष्ठानों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है। वहीं, अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से जारी रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से अच्छा खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं।


*हमलों के बाद क्षतिग्रस्त फोर्डो परमाणु संवर्धन केंद्र।*

#### ट्रंप के कार्यालय ने खारिज किया खुफिया आकलन, कहा-बदनाम करने का प्रयास

अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस ने खुफिया एजेंसी के आकलन को गलत बताकर खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस कथित आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का एक स्पष्ट प्रयास है।

### डोनाल्ड ट्रंप की हेग में जेलेंस्की से मुलाकात

## ट्रंप की पुतिन से अपील-अब खत्म करनी होगी जंग

**एजेंसी** | द हेग



इजराइल व ईरान के बीच संघर्ष विराम के बाद अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड पुतिन ने बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अब उनको जंग खत्म करनी होगी और वे जल्द ही उनसे बात करेंगे। नीदरलैंड्स के हेग शहर में आयोजित नाटो (NATO) समिट में ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यूक्रेन को और पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। जेलेंस्की से मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा, ये मिसाइलें बहुत मुश्किल से मिलती हैं, लेकिन हम देख रहे हैं कि क्या इनमें से कुछ यूक्रेन को उपलब्ध कराई जा सकती हैं। ट्रंप ने जेलेंस्की के साथ अपनी मीटिंग को लेकर कहा, यह मुलाकात बहुत अच्छी रही। हम पहले थोड़े मुश्किल वक्त से गुजरे थे, लेकिन आज वो बेहद शानदार रहे। ट्रंप का यह बयान उस ओवल ऑफिस विवाद की ओर भी इशारा करता है, जहां एक बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी।

## 'कन्नड़ का पूर्ण उपयोग करें अन्यथा कार्रवाई'

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने अधिकारियों को राज्य के सभी विभागों और जिला प्रशासन के कामकाज में प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए कन्नड़ भाषा का व्यापक रूप से उपयोग करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने चेतावनी दी है कि इसका पालन नहीं करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया। परिपत्र में कहा गया है कि कन्नड़ में कामकाज के लिए जारी किए गए कई परिपत्रों के बावजूद, कन्नड़ विकास प्राधिकरण ने बताया है कि निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

### शेख हसीना के शासन के दौरान चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## बांग्लादेश: एक और पूर्व CEC अरेस्ट

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ दिनों पहले ही अवल के पूर्ववर्ती के. एम. नूरुल हुदा को शेख हसीना शासन के दौरान चुनाव में गड़बड़ी के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के उपायुक्त तालेबुर रहमान ने कहा कि पुलिस की खुफिया शाखा (डीबी) ने उन्हें (अवल को) दोपहर करीब दो बजे राजधानी के मोघबाजार इलाके से गिरफ्तार किया। अवल इस सप्ताह गिरफ्तार होने वाले दूसरे पूर्व निर्वाचन आयोग प्रमुख हैं। इससे पहले रविवार रात को नूरुल हुदा को चुनावों में हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी से पहले हुदा पर भीड़ ने हमला भी किया था। अवल ने फरवरी 2022 से सितंबर 2024 तक बांग्लादेश के 13वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया। उनके पूर्ववर्ती हुदा ने फरवरी 2017 से फरवरी 2022 तक मुख्य निर्चाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्य किया।


*काजी हबीबुल अवल*

मीडिया में आई खबरों के अनुसार अवल अब पुलिस हिरासत में हैं और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा तथा उसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा हुदा सहित 19 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं।

## अभिनंदन को पकड़ने वाला पाक मेजर मारा गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी: अदालत मामले पर आगे करेगी विचार

# वकीलों को सीधे तलब करना खतरनाक: SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा सीधे तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और ऐसा करना न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए 'प्रत्यक्ष खतरा' है।

न्यायाधीश के वी विश्वनाथन और न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। पीठ ने पूछा, कुछ विचारणीय प्रश्नों में से एक यह भी है कि जब कोई व्यक्ति किसी मामले से केवल पक्षकार को सलाह देने वाले वकील के रूप में जुड़ा होता है, तो क्या जांच एजेंसी/अभियोजन एजेंसी/पुलिस सीधे वकील को पूछताछ के लिए बुला सकती है? एक और प्रश्न पूछते हुए पीठ ने कहा, यह मानते हुए कि जांच एजेंसी या अभियोजन एजेंसी या पुलिस के पास ऐसा मामला है जिसमें व्यक्ति की भूमिका केवल एक वकील के रूप में नहीं है, बल्कि उससे कहीं अधिक है, तब भी क्या उन्हें सीधे समन जारी करने की अनुमति दी जानी चाहिए या उन असाधारण परिस्थितियों के लिए न्यायिक निगरानी निर्धारित की जानी चाहिए? पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला सीधे न्याय प्रशासन को प्रभावित करता है, इसलिए 'किसी पेशेवर को...जब वह मामले में वकील है, प्रथम दृष्ट्या हिरासत में लेना उचित नहीं लगता, इस पर अदालत को आगे विचार करना होगा।



#### वकील को अगले आदेश तक तलब न करने का निर्देश

यह आदेश तब आया जब शीर्ष अदालत गुजरात के एक वकील की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 12 जून को दिए गए उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने मार्च 2025 को वकील को उसके मुवक्किल के खिलाफ एक मामले में पुलिस द्वारा तलब करने संबंधी नोटिस को रद्द करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने राज्य को अगले आदेश तक संबंधित वकील को तलब न करने का निर्देश दिया और उसे जारी पुलिस के नोटिस के अमल पर रोक लगा दी। पीठ ने गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

## ऋषभ पंत अब तक के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंचे



**एजेंसी** | दुबई

भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गए। यह उनके कॅरिअर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था, जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे, जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली।

#### गेंदबाजी में बुमराह शीर्ष पर बरकरार



टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट बल्लेबाजी में पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं, जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

## दूसरे टेस्ट में शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा।

दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

## पुणे मेट्रो का दूसरा चरण मंजूर, 3,626 करोड़ खर्च होंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी, जिसमें 12.75 किलोमीटर लंबे दो एलिवेटेड गलियारे शामिल हैं और इसे 3,626 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि परियोजना चार साल में पूरी होगी। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से प्रमुख आईटी केंद्रों, वाणिज्यिक क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों और आवासीय क्षेत्रों को बेहतर सेवा मिल सकेगी।

**झरिया में पुनर्वास के लिए 5,940 करोड़ मंजूर:** सरकार ने झारखंड के कोयला क्षेत्र झरिया में भूमिगत आग से निपटने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए बुधवार को 5,940 करोड़ रुपए के संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दी। झरिया कोयला क्षेत्र में आग, जमीन धंसने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास से संबंधित मसलों के समाधान के लिए यह मंजूरी दी गई है।

#### आगरा में आलू अनुसंधान केंद्र मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ रुपए का वित्तीय समर्थन दिया जाएगा।

## मिस राजस्थान-2025: फोटोजेनिक राउंड से फिनाले मंथ की शुरुआत

# मॉडल्स ने सीखी मेकअप व फोटोशूट की बारीकियां


अंशु चौधरी।


अदिति ब्रह्मभट्ट


मिस फोटोजेनिक फेस राउंड के दौरान जाह्नवी शर्मा, रवीना सैनी, ऋषिता काशीवा, अंशु चौधरी, सिमरन कर्णावट, सुहानी राठौड़, इशिता सामोदिया, दिशा सिंह, श्रेया जैन और मीनल ठाकवानी।


योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा।


दिशा भट्ट


सुहानी राठौड़।

### टॉप ग्रूमिंग एक्सपर्ट्स कंटेस्टेंट्स को दे रहे टिप्स

**बेधड़क** | जयपुर

फ्यूजन ग्रुप और रूवी डिजिटल की ओर से आयोजित राजस्थान के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट 'मिस राजस्थान-2025' के फिनाले मंथ की शुरुआत मिस फोटोजेनिक राउंड से हुई। जय क्लब स्थित दीवा एंड डेबोनियर में आयोजित इस राउंड में चयनित टॉप 28 फाइनलिस्ट्स पूरे आत्मविश्वास और तैयारी के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। मिस फोटोजेनिक राउंड में प्रतिभागियों को कैटवॉक, मोटिवेशन वर्कशॉप और टैलेंट राउंड जैसे विभिन्न सेशन्स के माध्यम से अपनी कला और आत्मविश्वास को निखारने का अवसर मिल रहा है। दिन की शुरुआत फैशन फोटोग्राफर वासु जैन के सब-टाइटल इवेंट वर्कशॉप से हुई, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को पेशेवर फोटोशूट की तकनीकें और पोजिंग की बारीकियां सिखाई। इस सत्र के दौरान मॉडलिंग में फोटोजेनिक अपील की अहमियत को भी रेखांकित किया गया।

### वर्कशॉप में ग्रूमिंग की दी जानकारी

दूसरे सेशन में मेकअप एक्सपर्ट और दीवा एंड डेबोनियर की निदेशक मीनाक्षी सोलंकी ने ग्रूमिंग वर्कशॉप में प्रतिभागियों को उनके फेस कट, हेयर टेक्सचर और हाइट के अनुसार मेकअप की तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेकअप किसी भी मॉडल के आत्मविश्वास और प्रस्तुति को निखारने का अहम जरिया है। मिस राजस्थान के आयोजक योगेश और निमिषा मिश्रा ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता का 27वां संस्करण विशेष रूप से एक महीने तक चलने वाले ग्रूमिंग और सब-टाइटल इवेंट्स के लिए जाना जाएगा, जिसमें देशभर के प्रोफेशनल ट्रेनर प्रतिभागियों को फैशन इंडस्ट्री के लिए तैयार कर रहे हैं।

### फिनाले वीक की शुरुआत जल्द

दिल्ली रोड स्थित रूपगढ़ पैलेस में जल्द ही फिनाले वीक की शुरुआत होगी, जिसमें पांच दिवसीय इवेंट्स की श्रृंखला चलेगी। इसके अलावा सी-स्कीम स्थित संडे होटल में लुक लॉन्च का आयोजन किया जाएगा। फिनाले 13 जुलाई को बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जहां निवारण कॉलेज ऑफ डिजाइनिंग के 28 उभरते फैशन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे। इस मौके पर ड्रेसजिला की फेमस डिजाइनर माधुरी चेतवानी का कलेक्शन भी शोकेस होगा, जो आयोजन को खास बनाएगा।

## City इवेंट्स

### RGHS लाभार्थियों के लिए विशेष विंग शुरू



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ तथा पारदर्शी बनाने की दिशा में जेएनयू अस्पताल ने राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के तहत पंजीकृत लाभार्थियों के लिए एक विशेष विंग की शुरुआत की है। इस नई सुविधा के अंतर्गत अब कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी सहित कई सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विभागों में पूर्णतः कैशलेस उपचार उपलब्ध होगा। जेएनयू अस्पताल के चेयरपर्सन डॉ. संदीप बख्शी ने बताया कि राज्य सरकार के कर्मचारी, पेंशनधारी और उनके आश्रितों को अब समग्र और बाधारहित चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा, "कोई भी मरीज आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित न रहे, यही हमारा लक्ष्य है।" जहां एक ओर प्रदेश के कई निजी अस्पतालों पर आरजीएचएस प्रोटोकॉल के उल्लंघन और अतिरिक्त शुल्क वसूली के आरोप लगते रहे हैं, वहीं जेएनयू अस्पताल ने खुद को एक अनुकरणीय संस्थान के रूप में प्रस्तुत किया है।इस पहल से मरीजों और नीतियों के बीच की दूरी कम हुई है और यह उदाहरण प्रस्तुत किया गया है कि आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था में करुणा और ईमानदारी दोनों का स्थान है।

### अनंत को 'ईटी पनाश 35 अंडर 35' सम्मान

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के युवा पेशेवर अनंत खंडेलवाल को ईवेंटफैक्स और द इकोनॉमिक टाइम्स के प्रतिष्ठित 'ईटी पनाश 35 अंडर 35' सम्मान से नवाजा गया है। यह वार्षिक सम्मान ऐसे 35 प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जो 35 वर्ष से कम आयु में अपने क्षेत्र में नवाचार, साहस और दृष्टिकोण से सार्थक बदलाव ला रहे हैं। ईवेंटफैक्स के प्रवक्ता के अनुसार, यह सूची उन युवा नेताओं को सामने लाती है, जो अपने काम और सोच से समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अनंत खंडेलवाल की कहानी भी कई युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। वे समावेशी नेतृत्व, नैतिक कार्यशैली और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर मुखर होकर अपनी स्पष्ट राय रखते हैं। इस सूची का चयन अनुभवी विशेषज्ञों, उद्योग के अग्रणी नेताओं और संपादकीय बोर्ड की गहन समीक्षा के बाद किया गया। अनंत इस सम्मान को एक नई शुरुआत मानते हैं। उनके एक सहयोगी ने कहा कि यह सम्मान अनंत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन असल यात्रा अभी बाकी है, जहां उन्हें और भी अवसर, चुनौतियां और अनुभवों का सामना करना है।




### सिंधी समाज देगा प्रकृति संरक्षण का संदेश

**बेधड़क, जयपुर।** सिंधी समाज गुरुवार को पारंपरिक पर्व जेठ चंड के अवसर पर पूजा-अर्चना कर प्रकृति संरक्षण और जल संरक्षण का संदेश देगा। पूजन का आयोजन शहर के विभिन्न झूलेलाल मंदिरों और सार्वजनिक जलाशयों पर सुबह सम्पन्न होगा। समाजसेवी तुलसी संगतानी ने बताया कि सिंधी पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास की पूर्णता पर यह पर्व मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार महिलाएं वृक्ष की टहनी को आटे से बने मोदक में लगाकर वरुण देवता का आह्वान करती हैं और कलश पूजन करती हैं। यह पर्व परिवार की समृद्धि, खुशहाली और प्राकृतिक संतुलन की कामना के साथ मनाया जाता है।

## केंद्रीय मंत्री गोयल से मिला FADA का प्रतिनिधिमंडल

# ऑटो रिटेल सेक्टर की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के उपाध्यक्ष साई गिरिधर, एग्जीक्यूटिव कमेटी मैंबर गरिमा मिश्रा और सीईओ सहर्ष दामानी ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान भारत के ऑटो रिटेल सेक्टर की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। गौरतलब है कि अगले संस्करण से एफएडीए को औपचारिक रूप से भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में शामिल किया जाएगा। एफएडीए की ओर से रिटेल ट्रेड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत डीलर्स के हितों की रक्षा के लिए समर्पित एक ढांचे का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया, जिसका मंत्री गोयल ने स्वागत किया। मुलाकात के दौरान केंद्र और राज्य स्तर पर डीलरशिप से जुड़ी प्रक्रियाओं का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया, ताकि परिचालन कुशलता को बढ़ावा मिले और विकास के नए मार्ग खुल सकें।



## कार्यशाला के पोस्टर का विमोचन

# जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर फोकस



**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के शोध, नवाचार एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीआरआईटी) की ओर से आयोजित होने वाली ऑनलाइन कार्यशाला 'क्यूजीआईएस व जियोस्पेशियल तकनीकों का अनुप्रयोगः स्थानिक डेटा विश्लेषण व क्षेत्रीय नियोजन' के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टी. एन. माथुर, रजिस्ट्रार एवं रेक्टर डॉ. राखी गुप्ता, सीआरआईटी निदेशक डॉ. के. एस. शर्मा, भूगोलरत्न प्रो. एच. एस. शर्मा और विज्ञान संकाय के डीन प्रो. पी. जे. जॉन मौजूद रहे। यह कार्यशाला खास तौर पर जियोस्पेशियल डेटा, रिमोट सेंसिंग, थीमैटिक मैपिंग और डिजिटलीकरण तकनीकों के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर केंद्रित होगी। प्रतिभागियों को ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर क्यूजीआईएस के माध्यम से स्थानिक आंकड़ों के संग्रहण, विश्लेषण और प्रस्तुतीकरण की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य युवा शोधार्थियों और प्रोफेशनल्स को आधुनिक तकनीकों से लैस करना है ताकि वे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, शहरी नियोजन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सार्थक योगदान दे सकें। यह आयोजन भारत सरकार के 'विकसित भारत के संकल्प' के अनुरूप डिजाइन किया गया है।

**सहायता** | मोजाम्बिक में जयपुर फुट शिविर का उद्घाटन

# बारह सौ दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम अंग और उपकरण

**बेधड़क** | जयपुर

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने मोजाम्बिक की राजधानी मोपूतो में आयोजित जयपुर फुट विकलांग पुनर्वास शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। 50 दिवसीय इस शिविर में 1200 दिव्यांगों को जयपुर फुट सहित अन्य कृत्रिम अंग और उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस शिविर का आयोजन मोजाम्बिक की आजादी की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मोजाम्बिक के स्वास्थ्य मंत्री उस्सेन हिलारियो आइस्स, भारत के उच्चायुक्त रॉबर्ट शेटकिंटॉन्ग, बीएमवीएसएस के संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता, प्रशासनिक अधिकारी विष्णुकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।





### तकनीक का दिया प्रशिक्षण

डी.आर. मेहता ने बताया कि मोजाम्बिक में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्होंने देश में 17 वर्षों तक चले गृहयुद्ध के दौरान लैंडमाइन विस्फोटों में अपने अंग खो दिए। उन्हीं में से एक फ्लोरेन्सिया नामक महिला पांच वर्ष पूर्व जयपुर आई थीं और उन्हें जयपुर फुट लगाया गया था। उनके साथ दो अन्य मोजाम्बिक तकनीशियनों को भी जयपुर में जयपुर फुट निर्माण की तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, गुरुवार, 26 जून, 2025





स्पष्ट उद्देश्य से मार्गदर्शन करना, अच्छा नेतृत्व है।

**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर संगोष्ठी

# सत्ता की लालसा में कांग्रेस ने कुचल दी थी विपक्ष की आवाजः सीएम भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर चाकसू के बाड़ा पदमपुरा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान सीएम भजनलाल ने आपातकाल के काले अध्याय, लोकतंत्र पर पड़े उसके दुष्परिणामों एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल इतिहास को याद करने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराने का भी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 25 जून, 1975 को कांग्रेस नेतृत्व ने सत्ता के लालच में लोकतंत्र का गला घोंट दिया था। देश के अंदर हमारे बुजुर्गों और सेनानियों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया, कुर्बानियां दीं, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता की लालसा में विपक्ष की आवाज कुचल दी। नेताओं को जेल में डाला गया, प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई और नागरिक स्वतंत्रताओं का हनन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा, वह कर दिखाया। मोदी सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया। भारत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई और अंत्योदय की सोच के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित है और योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।




कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल को हल भेंट करते भाजपा कार्यकर्ता।



*कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करते सीएम भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़।*

### जैन तीर्थ स्थल में दर्शन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मदन राठौड़ ने बाड़ा पदमपुरा स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल में भगवान महावीर स्वामी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की। पूजा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बाड़ा पदमपुरा जैसे पवित्र स्थल हमारी आस्था और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, त्याग और संयम के माध्यम से शांति और समरसता की राह दिखाता है। हमारी सरकार धार्मिक पर्यटन के विकास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत है। वहीं, मदन राठौड़ ने कहा कि महावीर स्वामी के सिद्धांत आज के सामाजिक जीवन में भी प्रासंगिक हैं। भाजपा संगठन इन मूल्यों को आत्मसात कर जनसेवा में कार्य कर रहा है। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने भजनलाल सरकार पर साधा निशाना

# मुख्यमंत्री भजनलाल को हटाने का BJP में ही चल रहा षड्यंत्रः अशोक गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला बोला है। अपने चार दिवसीय जोधपुर दौरे पर गहलोत ने बुधवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाने का षड्यंत्र खुद भाजपा के अंदर ही चल रहा है।

उन्होंने कहा कि जयपुर से लेकर दिल्ली तक पार्टी के ही लोग उनके खिलाफ लगे हुए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री इस खतरे को समझ नहीं पा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि पहली बार विधायक बने व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया गया, यह बड़ी बात है। ऐसे में उन्हें प्रदेश के हित में कार्य करना चाहिए था, लेकिन आज हालत गंभीर हो चले हैं और जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने भुगता आपातकाल का खामियाजा



आपातकाल पर भाजपा के बयानों पर पलटवार करते हुए अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के निर्णय की जिम्मेदारी ली थी और उसका राजनीतिक नुकसान भी भुगता था, लेकिन भाजपा बार-बार उसी मुद्दे को उठाकर लोगों को गुमराह करना चाहती है। गहलोत ने कहा कि भाजपा के पास कोई स्वतंत्रता सेनानी नहीं है, इसलिए अब वह मीसा बंदियों को ही स्वतंत्रता सेनानियों की तरह सम्मानित कर रही है। उन्हें पेंशन देने का काम कर रही है।

### फीता तो कट गया, सामान नहीं बिका...




जयपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस बयान पर चुटकी ली है, जिसमें उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाने की साजिश चल रही है। शेखावत ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी और अशोक गहलोत का एक मीम शेयर करते हुए कहा कि दुकान का फीता तो कट गया, सामान नहीं बिका...। मीम में अशोक गहलोत और राहुल गांधी को 'झूठ की दुकान' का फीता काटते हुए दिखाया गया है।

### गहलोत के आरोपों पर भाजपा नेताओं का पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस बयान पर भाजपा नेताओं ने भी पलटवार किया। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि गहलोत खुद हट चुके हैं, अब दूसरों के हटने की बात कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा जिनका पूरा कार्यकाल अपने ही विधायकों को फाइव स्टार होटलों में समेटने और गिनती करने में निकल गया, वो आज स्थायित्व पर सवाल उठा रहे हैं? वहीं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि पूर्व सीएम गहलोत को मौजूदा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति कब से सहानुभूति हो गई, जो उन्हें सुझाव दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत के खिलाफ क्या-क्या साजिश हुईं, वे खुद जानते हैं। गहलोत जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है।

### 'संविधान साहित्य वाटिका' का किया लोकार्पण

# लोकतंत्र हमारे राष्ट्र का सुदृढ़ आधारः बिरला



**बेधड़क** | नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को मुरादाबाद में 'संविधान साहित्य वाटिका' का लोकार्पण और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और लोकतंत्र हमारे राष्ट्र का सुदृढ़ आधार है।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा, जब जब लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास हुआ, भारत की जनता ने उसका दृढ़ प्रतिकार किया। इस अवसर पर आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान और अभिनंदन किया। संविधान साहित्य वाटिका के लोकार्पण को लोकतंत्र, संविधान और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक प्रयास बताते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने इस पार्क को राष्ट्र निर्माण की चेतना को सशक्त करने वाला स्थल कहा। बिरला ने आगे कहा कि यह संविधान पार्क लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण है और युवाओं को यहां से कर्तव्य बोध और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलेगी। इन्होंने कहा कि यहां भारत की लोकतांत्रिक यात्रा, संविधान की प्रस्तावना और विविधता में एकता की झलक मिलेगी। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना भारत के नव निर्माण की चेतना है और यहां भारत के लोकतांत्रिक विकास की यात्रा का सुंदर प्रतिबिंब मिलेगा। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिंब है। भारत के लोग लोकतंत्र को सिर्फ मानते नहीं, बल्कि जीते हैं।

## बेधड़क FIRST

### परिवहन सचिव की सख्ती और फटाफट रिलीविंग

परिवहन मुख्यालय ने सख्ती दिखाई तो RTO बैकफुट पर आए हैं। जनवरी में तबादला होने के बाद भी एक दर्जन से अधिक परिवहन निरीक्षक रिलीव नहीं हुए थे। मुख्यालय के निर्देशों का भी RTO पर असर नहीं हो रहा था, लेकिन बुधवार को परिवहन सचिव शुचि त्यागी के सख्त निर्देशों के बाद RTO में हड़कंप मच गया। सभी जगह से रिलीव किए गए निरीक्षक तबादला होने के बाद भी काम कर रहे हैं।

### प्रदेश के प्रमुख हाईवे पर बनेंगे विश्राम घर

ट्रक और बस चालकों के लिए जयपुर-दिल्ली, जयपुर-कोटा, जयपुर-आगरा हाईवे पर विश्राम घर बनेंगे। परिवहन विभाग ने जयपुर, अलवर, खैरथल, कोटपूतली, दौसा, डीग, भरतपुर टोंक, बूंदी और कोटा कलेक्टर को चिट्ठी लिखी है। 5 से 7 बीघा जमीन आवंटन करने के लिए चिट्ठी लिखी गई है।

### परिचालकों को बैठा रखा ऑफिस में और चालकों से करा रहे कंडक्टरी

रोडवेज चेयरमैन और एमडी के आदेशों की अवहेलना हो रही है। राजस्थान रोडवेज के भरतपुर, लोहागढ़, विद्याधर नगर, अलवर सहित अन्य डिपो में चालक, परिचालक का काम कर रहे हैं। रोडवेज चेयरमैन ने पिछली मीटिंग में सभी मुख्य प्रबंधकों को ऑफिस में बैठे परिचालकों को रूट पर चलने के निर्देश दिए थे। कई डिपो में क्षमता से अधिक परिचालक हैं जबकि कई में स्वीकृत के आधे भी नहीं हैं। सिंधी कैंप, जयपुर आगार, डीलक्स, सेंट्रल वर्कशॉप, मुख्यालय में वर्षों से पद के विरुद्ध परिचालक काम कर रहे हैं। परिचालकों की कमी बताकर आए दिन बस को कैंसिल किया जाता है। इन परिचालकों को रूट पर चलाएं तो सभी बसों का संचालन हो सकता है।

### विवाहित पाए जाने पर महिला खिलाड़ी होगी बाहर!

आवासीय बालिका खेल संस्थान का मामला है। खेल परिषद ने चयन के लिए गाइडलाइन जारी की है कि 14 से 20 वर्ष तक की बालिका ट्रायल दे सकेंगी लेकिन खिलाड़ी का अविवाहित होना जरूरी है। यदि चयन के बाद पाया गया कि खिलाड़ी विवाहित है तो खिलाड़ी को खेल संस्थान से बाहर कर दिया जाएगा।

### जब CMD ने सीधे उपभोक्ता को लगाया फोन...!

बात जयपुर डिस्कॉम CMD आरती डोगरा की समीक्षा बैठक से जुड़ी हुई है। बैठक में कई इलाकों में पेंडिंग कनेक्शन देख CMD काफी नाराज हुई थी। इस दौरान बुधवार को XEN ने तर्क दिए तो CMD ने उन्हें आईना दिखाया। पोर्टल पर उपलब्ध नंबर पर CMD ने फोन लगवाया और फिर उपभोक्ता की पीड़ा सुनी। चौमूं के एक SIP कनेक्शन को लेकर उपभोक्ता ने अपनी पीड़ा बयां की। काफी लंबा समय बीतने के बावजूद कनेक्शन जारी नहीं होने की कहानी बताई। बैठक में मौजूद अभियंता देरी पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए तो नाराज CMD ने चौमूं A-2 AEN को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कनेक्शन में देरी करने वाले अन्य टेक्नोक्रेट्स को भी सख्त हिदायत दे डाली।

## देवनानी आज लौटेंगे स्वदेश

**जयपुर/नई दिल्ली।** विधान सभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी फ्रांस और जर्मनी की सात दिवसीय संसदीय यात्रा के बाद गुरुवार तड़के स्वदेश लौटेंगे। वे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचेंगे, उसके बाद प्रातः विमान से जयपुर आएंगे। जयपुर में उनके स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। देवनानी की यह यात्रा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य फ्रांस और जर्मनी की संसदीय परंपराओं व लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का तुलनात्मक अध्ययन करना रहा। इस दौरान उन्होंने कई राजनीतिक, सांस्कृतिक और अकादमिक संस्थानों का दौरा कर विभिन्न लोकतांत्रिक और सामाजिक पहलुओं का अध्ययन किया।

### डीओपी का हैरानी भरा फरमान

# एक अफसर को सौंप दिया जयपुर से लेकर दिल्ली तक का 13 विभागों का काम

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** जोगा राम (आईएएस 2005 बैच) हैरान-परेशान हैं। सरकार उन पर जिम्मेदारियों का बोझ डाले चले जा रही है। आईएएस की ताजा तबादला सूची में उन्हें एक और बड़े विभाग का एडिशनल चार्ज दे दिया है।

अब उनके पास कुल 13 विभागों का काम-काज हो गया है। वे यदि सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे काम करें, तो भी सभी विभागों के साथ काम निपटाने में न्याय नहीं कर सकते हैं। जोगा राम के पास अपनी खुद की मूल पोस्टिंग में 7 विभाग हैं- जीएडी, कैबिनेट, एस्टेट, स्टेट मोटर गैराज, सिविल एविएशन, चीफ ऑफ प्रोटोकॉल और डीजी सिविल एविएशन। इनमें कैबिनेट और प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी अति महत्वपूर्ण व संवेदनशील है। वीआईपी विजिट के समय दूसरे काम रोक कर प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी व ड्यूटी को पूरी सतर्कता से निभाना पड़ता है। डीओपी ने सितंबर 2024 से जोगा राम को दो और पदों का एडिशनल चार्ज सौंप रखा है- सचिव पंचायती राज और आयुक्त पंचायती राज विभाग। राज-काज के जानकारों के अनुसार, पंचायती राज के दोनों पदों का काम ही फुल-टाइम जॉब है।

विभाग के सचिव के रूप में पंचों-सरपंचों के मामलों की सुनवाई और उन पर फैसलों का समय-लेवा काम है। इस मामले में ढिलाई अथवा देरी से ग्रामीण जनता प्रभावित होती है।



जोगा राम

अभी 12 जून को डीओपी ने उन्हें तीसरा एडिशनल चार्ज और सौंप दिया था- रेजिडेंट कमिश्नर दिल्ली का। मतलब जोगा राम को भाग-भाग कर दिल्ली भी जाना पड़ेगा, क्योंकि भारत सरकार में कई मामलों में रेजिडेंट कमिश्नर को प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व करना जरूरी होता है। इस सबके बाद हैरानी और आश्चर्य की बात तो यह है कि डीओपी ने रविवार को तबादला सूची में जोगा राम को 3 और विभागों का एडिशनल चार्ज सौंप दिया है- प्रशासनिक सुधार (एआर), जन अभियोग निराकरण और प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी।

राज-काज के जानकारों के अनुसार, प्रशासनिक सुधार विभाग का काम बहुत फैला हुआ और भारी-भरकम है। सरकार के सभी विभागों का एआर डिपार्टमेंट से वास्ता रहता है। अभी तक जोगा राम के पास प्रतिदिन औसतन 200 फाइलें आ रही हैं। नए तीन विभागों के काम भी जुड़ जाने से यह संख्या बढ़कर 250 से ज्यादा हो सकती है, क्योंकि एआर डिपार्टमेंट में फाइलों का काम बहुत है। यह सही है कि कर्मठता, क्षमता और कार्यकुशलता में जोगा राम कहीं पीछे नहीं हैं। वे अपने दायित्व निर्वहन में दिन-रात जुटे भी रहते हैं, लेकिन हर काम की आखिर एक सीमा होती है।

### जयपुरवासियों को निधि पटेल से काफी उम्मीदें



निधि पटेल

हिमाचल प्रदेश से 3 साल के डेपुटेशन पर आई आईएएस निधि पटेल (2018 बैच) को पूरे 75 दिन तक एपीओ रखने के बाद डीओपी ने आखिर पोस्टिंग दी है। उन्हें कमिश्नर, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जयपुर स्मार्ट सिटी लगाया है। एमबीबीएस और एम.एस. डॉक्टर से आईएएस बनीं निधि ने ज्वाइन करने के साथ ही पहले दिन से अपनी कर्मठता और कार्यकुशलता का जलवा दिखाना शुरू कर दिया है। ड्यूटी के पहले ही दिन वे फील्ड में उतर गईं। एक युवा महिला आईएएस का इस तरह एक्टिव मोड में आना सुखद आश्चर्य की बात है। निधि ने जयपुर शहर का कई घंटे औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को जल्दी सुबह वे अकेले ही फील्ड में निकल गईं। इस दौरान उन्होंने गंदगी देख अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर बुलवा कर सफाई करवाई। कच्ची बस्तियों में बरसात के जमा पानी की निकासी के लिए मड पंप लगवाए। जल भराव और सीवरेज के गंदे पानी की समस्या के बाबत अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पहाड़ी प्रदेश से गुलाबी नगर में आई इस महिला आईएएस के जोश और जुनून को देखते हुए यह आशा की जा सकती है कि इस शहर की दशा-दिशा सुधारने में वे एक निमित्त बनेंगी। वे तीन साल की निश्चित अवधि के लिए ही राजस्थान आई हैं। डीओपी उन्हें 75 दिन एपीओ रखने की जगह अप्रैल में ज्वाइनिंग के साथ ही मौजूदा पोस्ट पर लगा देता, तो बहुत संभव था कि वे मानसून पूर्व की तैयारियों को बेहतर तरीके से अंजाम दे देतीं। जयपुरवासियों को बारिश से जो अभी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं, वैसी नहीं झेलनी पड़ती।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।